दैनिक

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़

रायपुर, सोमवार, 17 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 35 पृष्ठ-8 मूल्य-4 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, आत्महत्या की आशंका

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला है। युवक का शव ट्रेन के नीचे आकर कटने से दो टुकड़ों में बंटा हुआ था, जिससे आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है. सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, शव की पहचान जांजगीर निवासी शुभम राठौर के रूप में हुई है। मौत का कारण फिलहाल अज्ञात है, लेकिन पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि किसी भी प्रकार की सच्चाई सामने आ सके. पुलिस ने आत्महत्या के मामले को लेकर भी जांच तेज कर दी है।

महाराष्ट्र विधान परिषद उप-चुनाव उम्मीदवारों की घोषणा

नयी दिल्ली(वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को महाराष्ट्र विधान परिषद के उप-चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने महाराष्ट्र में होने वाले विधान परिषद के उप-चुनावों में उम्मीदवार के रूप में संदीप दिवाकरराव जोशी, संजय किशनराव केनेकर तथा दादाराव यादवराव केचे के नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

अमेरिका में तूफान, 28 की मौत

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका में हाल ही में आए तूफान और बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है।यह जानकारी एबीसी न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में दी।चैनल ने कहा कि इनमें से 15 मौतें बवंडर से संबंधित हैं।

ग्रेनेड विस्फोट में शाकिर की मौत

पेशावर (वार्ता)। पश्तून अफगान राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक और प्रमुख पाकिस्तानी मौलवी मुफ्ती मुनीर शाकिर की शनिवार को पेशावर के उरमार इलाके में एक मस्जिद के बाहर ग्रेनेड विस्फोट के कारण मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गये। मुफ्ती मुनीर शाकिर पाकिस्तान में प्रतिबंधित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-इस्लाम के संस्थापक थे।

इंडोनेशिया बैठक की करेगा मेजबानी

जकार्ता(वार्ता)। इंडोनेशिया मई में इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के सदस्य देशों की 19वीं उच्च स्तरीय संसदीय बैठक की मेजबानी करेगा। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी अंतरा ने शनिवार को सांसद मर्दानी अली सेरा के हवाले से दी। इंडोनेशिया के प्रतिनिधि सभा के अंतर-संसदीय सहयोग एजेंसी के अध्यक्ष सेरा ने कहा कि हमें अपने प्रत्येक देश में संस्थागत मजबूती एवं सुशासन का निर्माण करना होगा। क्योंकि अगर सुशासन होगा तो संस्थाएं मजबूत होंगी और हम एक ऐसे देश का निर्माण करेंगे जिसे दूसरों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी।

'पाकिस्तान,प्रतिबंध वाले देशों की सूची में शामिल'

वाशिंगटन (वार्ता) । अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने भूटान को 11 अन्य देशों के साथ अमेरिका की यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मसौदा 'लाल सूची' में रखा है जबकि पाकिस्तान को ऐसे समूह में रखा गया है, जिसके वीजा जारी करने पर आंशिक निलंबन के लिए विचार किया जाएगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स की शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने यात्रा प्रतिबंधों की एक श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान, भूटान और पाकिस्तान सहित 43 देशों की मसौदा सूची जारी की है।

नियदनेल्ला नार योजना: टेकलगुड़ियमवासियों के जीवन में आई नई रोशनी

नक्सल प्रभावित गांव के 75 घरों में पहली बार पहुंची बिजली

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर नक्सल प्रभावित गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई नियद नेल्ला नार योजना से विकास की रोशनी पहुंचने लगी है। इसी के तहत सुकमा जिले के अंतिम ब्लॉक कोंटा के पूवर्ती कैंप अंतर्गत नियद नेल्ला नार ग्राम पंचायत पेंटाचिमली के ग्राम टेकलगुड़ियम के 75 घर आजादी के बाद पहली बार बिजली की रौशनी से दमकने लगे हैं। वहां के निवासियों के जीवन में नई रोशनी आई है।

शासन की नियद नेल्लानार योजना के तहत इस क्षेत्र में

विद्युतीकरण पूरा किया गया है, जिससे अब यहां के लोगों का जीवन और आसान हो सकेगा। इस महत्त्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता जेकेरकेट्टा एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने गांव तक बिजली पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और मेहनत से कार्य किया।

शिक्षा और विकास को मिलेगी गति

बिजली की सुविधा मिलने से गांव में अब कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे. बच्चों की पढ़ाई अब पहले से बेहतर हो सकेगी, क्योंकि अब वे रात में भी रोशनी में अध्ययन कर सकेंगे। इसके अलावा छोटे स्तर पर व्यापार और उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा. बिजली आने से डिजिटल सेवाओं का विस्तार होगा, जिससे गांव के लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

भारत पहुंचे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन

रायसीना डायलॉग के उद्घाटन सत्र में होंगे मुख्य अतिथि

नई दिल्ली(ए.)। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन रविवार को पांच दिवसीय भारत दौरे पर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वह रायसीना डायलॉग 2025 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर लक्सन 16 से 20 मार्च तक देश में रहेंगे।

व्यापक आर्थिक साझेदारी पर करेंगे चर्चा: क्रिस्टोफर लक्सन

पिछले हफ्ते लक्सन ने कहा था, मैं चाहता हूं कि भारत के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी हो। हम इस पर चर्चा करेंगे कि यह आगे कैसे बढ़ सकती है। हम भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को और बड़े स्तर पर ले जाना चाहते हैं। लक्सन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को महत्वपूर्ण ताकत बताया था। उन्होंने कहा था, भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शक्ति है और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस पर चर्चा करूंगा कि हम अपने क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बनाए रखने के लिए मिलकर क्या कर सकते हैं।

आज पीएम नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकात

दौरे से पहले न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह भारत के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी पर जोर देंगे और दोनों देशों के बीच सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करेंगे। लक्सन का यह पहला भारत दौरा है।

भारत का प्रमुख कूटनीतिक सम्मेलन 17-19 मार्च को

भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत के प्रमुख कूटनीतिक सम्मेलन रायसीना संवाद 17-19 मार्च के बीच होगा जिसमें न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के अलावा कम से कम 20 देशों के विदेश मंत्री शिरकत करेंगे। रायसीना संवाद के 10वां संस्करण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 मार्च को करेंगे।

आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक बुधवार को

नयी दिल्ली(वार्ता)। आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) और आतंकवाद रोधी विशेषज्ञ कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक आगामी 19 से 20 तारीख तक नयी दिल्ली में होगी।

भारत और मलेशिया इस बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। दस आसियान सदस्यों (ब्रूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, वियतनाम, सिंगापुर और थाईलैंड) और आठ संवाद भागीदारों (ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड,कोरिया , जापान, चीन, अमेरिका और रूस) के प्रतिनिधिमंडल तिमोर लेस्ते और आसियान सचिवालय के साथ बैठक में भाग लेंगे।भारत पहली बार आतंकवाद रोधी ईडब्ल्यूजी की सह-अध्यक्षता करेगा। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य भाषण देंगे। यह 2024-2027 तक चलने वाले चक्र के लिए आतंकवाद निरोध पर ईडब्ल्यूजी के लिए नियोजित गतिविधियों की पहली बैठक होगी। चर्चा आतंकवाद और उग्रवाद के उभरते खतरे से निपटने के लिए एक मजबूत और व्यापक रणनीति विकसित करने पर केंद्रित होगी।

श्रीहरिकोटा से एलवीएम-3 के लिए क्रायो अपर स्टेज को किया रवाना

अमेरिकी ब्लू बर्ड मिशन

चेन्नई (वार्ता) । अमेरिकी उपग्रह ब्लू बर्ड-2 के आगामी प्रक्षेपण के लिए शनिवार को इसरो के एलवीएम3 प्रक्षेपण यान क ेक्रायोजेनिक अपर स्टेज

इंजन को श्रीहरिकोटा के शार रेंज के लिए रवाना किया गया। यह उपग्रह अंतरिक्ष से स्मार्टफोन का उपयोग करके कॉल करने में सक्षम बनाएगा। रविवार को एक अपडेट में, इसरो ने कहा कि अध्यक्ष डॉ वी नारायणन ने शनिवार को इसरो के एलवीएम3 प्रक्षेपण यान के क्रायोजेनिक अपर स्टेज (सी 25) को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि के इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) से श्रीहरिकोटा के प्रक्षेपण परिसर के लिए रवाना किया। इसरो प्रणोदन परिसर (आईपीआरसी), द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) और सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी शार) के निदेशकों ने भी इस समारोह में हिस्सा लिया।

64 नक्सलियों ने तेलंगाना में किया सरेंडर, 16 महिला भी शामिल

रायपुर/जगदलपुर/नवप्रदेश । नक्सलियों पर एक बार फिर जवानों ने भारी दवाब बनाया जिसके चलते 64 नक्सलियों ने तेलंगाना में पुलिस के सामने सरेंडर किया है। भद्राद्री कोतागुडेम जिले में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। कोतागुडेम एसपी कार्यालय में मल्टी जोन एक आईजी की मौजूदगी में 64 माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। इनमें कई कैडर के माओवादी मौजूद हैं। ये नक्सली बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिलों के अलग-अलग बटालियन के सदस्य बताये जा रहे हैं।

धरती से आए साथियों को देख खुशी से झूम उठीं सुनीता

अंतरिक्ष से आया जश्न मनाने का वीडियो

नई दिल्ली (ए.)। नासा और स्पेसएक्स का क्रू -10 मिशन इस समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर मौजूद है। फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट पर सवार होकर क्रू-10 मिशन के अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पहुंचे। सफल डॉकिंग और हैच खुलने के बाद, अंतरिक्ष यात्रियों ने सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर से मुलाकात की। इस खास पल की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया। इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

गरमा-गरम

जशपुर में उड़ान प्रशिक्षण शुरू... *मुख्यमंत्री ने माइक्रो लाइट एयर स्क्वाड्रन विमान का अवलोकन कर तकनीकी जानकारी ली*

अब युवाओं के पायलट बनने का सपना भी होगा साकार :साय

- **सीएम साय ने एनसीसी कैडेट्स का बढ़ाया उत्साह**

जशपुरनगर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज आगडीह के हवाई पट्टी में 3 सीजी एयर एसक्वीएन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया और उनके अनुभव जाने। मुख्यमंत्री ने कहा कि जशपुर के युवाओं को मेडिकल, इंजीनियरिंग, शिक्षा, सहित हर क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए बेहतर प्रयास किया जा रहा है। जशपुर के युवा पायलट में अपना भविष्य बना सके, इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन हर संभव सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने युवाओं को जशपुर के पर्यटन स्थल का भ्रमण करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बताया कि जशपुर प्राकृतिक सौंदर्य से बहुत अच्छा जिला है। यहां काजू, चाय पत्ती, नाशपाती सहित अच्छे फलों की खेती होती है। जशपुर में सेब की भी खेती की जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने माइक्रो लाइट एयर स्कवाड्रन विमान का अवलोकन कर तकनीकी जानकारी ली।

इस अवसर पर सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत

अध्यक्ष सालिक साय, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि जिले में 7 मार्च 2025 से हर सुबह छोटे विमान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विमान आसमान की सैर कर वापस जमीन पर आ जाता है। दरअसल, आगडीह हवाई पट्टी से 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के 100 चयनित कैडेट्स को हल्के विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रायपुर से बाहर जशपुर जिले में पहली बार हो रहे प्रशिक्षण को लेकर कैडेट्स में भी भारी उत्साह है। एक तरफ जशपुर का मनोरम दृश्य और प्रशिक्षण पाने का उत्साह उनके जोश को दोगुना कर देता है। लगभग एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में कैडेट्स को विमान उड़ाने की ट्रेनिंग दी जा रही है. 100 कैडेट्स को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।

ट्विन-सीटर एस डब्ल्यू -80 विमान से दी जा रही ट्रेनिंग

आगडीह हवाई पट्टी की लंबाई 1200 मीटर और चौड़ाई 25 मीटर है. सिंगल इंजन ट्वीन सीटर वायरस एसडब्ल्यू 80 विमान से कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. विमान 20 हजार फीट तक उड़ान भर सकता है. फिलहाल प्रशिक्षण के लिए 1000 फीट तक ही उड़ान का संचालन किया जा रहा है. कमांडिग ऑफिसर ने बताया कि यह प्रशिक्षण कैडेट्स के सुनहरे भविष्य की नींव तैयार कर रहा है. उन्होंने बताया कि एनसीसी के एयर विंग से सी प्रमाण पत्र परीक्षा में अच्छे ग्रेडिंग से पास करने पर केडेट्स सीधे एयर फोर्स के इंटरव्यू के लिए पात्र माने जाते हैं।

न्यूज गैलरी

विधायक निवास में होली समारोह लोगों ने जमकर उड़ाया रंग गुलाल

लखनपुर/नवप्रदेश। अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के निज निवास लखनपुर में होली मिलन समारोह आयोजित हुई। जहां ब्लाक क्षेत्र के ग्रामीण अंचल से आये लोग एक-दूसरे मिलते हुए अपने चहेते विधायक तथा कार्यक्रम में शामिल इष्ट मित्रों को रंग गुलाल लगा कर पावन होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा के आलोक दुबे होली मिलन समारोह में शामिल हुए अम्बिकापुर विधायक अग्रवाल को अबीर गुलाल लगा कर शुभकामनाएं दी औपचारिक तौर पर कुछ आपसी गुफ्तगू भी किये। इस मौके पर विधायक अग्रवाल के बड़े भाई नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल नपं अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू नपं उपाध्यक्ष नेहा सनी बंसल जंप अध्यक्ष शशी कला विक्रम सिंह उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े पंचायतों से आये सरपंच सचिव ग्रामवासी तथा भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओ की अपार भीड़ लगी रही।इस होली मिलन समारोह में विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, राकेश अग्रवाल मुकेश अग्रवाल,अविनाश अग्रवाल सौरभ अग्रवाल, राहुल, सन्नी अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, यतेंद्र पांडेय, तबरेज आलम सहदूल खान नगर लखनपुर के गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्रवासी शामिल रहे ।

उल्लास के साथ मनाया गया रंगों का त्योहार होली

लखनपुर/नवप्रदेश। सदियों पुरानी चली आ रही परम्परा को कायम रखते हुए नगर पंचायत लखनपुर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के बेल बाड़ी में गुरुवार को होलिका दहन की रस्म अदा की गई। नगर वासियों ने टोली बनाकर पारम्परिक फाग गीत गाते हुये होलिका दहन स्थल पहुंचे जहां रिवाज के मुताबिक ग्राम बैंगा द्वारा लोक परम्परानुसार होलिका पूजन किया जाकर एकत्रित लकड़ी में आग लगा कर दहन किया गया। मस्ती में झूमते नाचते गाते गुलाल उड़ाते नगर वासीयों मिलकर होलिका दहन किये। असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक होलिका दहन मनाया गया। देर रात तक फाग गीत की मेहफिल जमी रही। दूसरे दिन शुक्रवार को लोग टोली बनाकर किये गये होलिका दहन का धूल उड़ाया ।धुलेंडी के साथ रंगोत्सव होली खेली गई

होली का पर्व धूमधाम से मना

होलिका दहन कर जिले के लिए सुख और समृद्धि की कामना

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया नगर के बड़ा बाजार, पुलपारा, रेस्ट हाउस ग्राउण्ड सहित कई स्थानो पर होलिका दहन कर जिले के लिए सुख और समृद्धि की कामना की गई। होली त्यौहार में जहां पुलिस सतर्क और सड़कों पर लगातार घूमती रही। जिससे जिले के मुख्य सड़को पर तो होली शांति नजर आई। किंतु गली मोहल्लो में होली के हुड़दंग का याद ताजा किया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्यौहार होली मस्ती एवं उमंग के साथ मनाया गया। युवा वर्ग सुबह से लेकर दोपहर तक एक-दूसरे पर रंग डालते हुए गलियों में घूमते रहे। बच्चे एवं महिलाएं भी एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली खेलते रहे। होली के अवसर पर नागरिकगण गुलाल लगाते हुए एक दूसरे को पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते रहे।

गुंरूवार को रात्रि होलिका दहन के बाद जली हुई होली की राख से तिलक लगाने के बाद रंग खेलने की परंपरा के अनुसार लोग गुरूवार को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में उत्साह पूर्वक एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशी का इजहार करते रहे। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्यौहार होली मस्ती एवं उमंग के साथ मनाया गया। किन्तु शहरो मे होली त्यौहार को लेकर पहले जैसा उत्साह नजर नही कुछ सीमित जगहो पर ही युवा वर्ग एक-दूसरे पर रंग डालते हुए गलियों में घूमते रहे। बच्चे एवं महिलाएं भी एक दूसरे को रंग लगाते

हुए होली खेलते रहे। रविवार रात्रि होलिका दहन के बाद जली हुई होली की राख से तिलक लगाने के बाद रंग खेलने की परंपरा के अनुसार लोग सोमवार को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में उत्साह पूर्वक एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशी का इजहार करते रहे। छुटमुट घटनाए को छोडकर शहर में मस्ती एवं उमंग से होली मनाई गई।लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते रहे। नगर सहित जिले भर में गुरूवार रात होलिका दहन किया गया। दोपहर बाद रंगों में सराबोर लोगों की संख्या में नगण्य ही रही होली सोमवार को मनाई गई। लोग सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते नजर आये। नंगाड़ों और फाग गीतों की धूम, कुछ गली मोहल्लों एवं ग्रामीण अंचलों में ही नजर आयी।

शहर में जगह-जगह शांति पूर्ण ढ़ंग से होली मनाई गई।लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते रहे।नगर सहित जिले भर में गुरूवार रात होलिका दहन किया गया। होली की मस्ती लोगों में होलिका दहन के पहले से नजर आया।शाम तक रंगों में सराबोर लोगों की संख्या में बढ़ोतरी होती गई।होली शुक्रवार को मनाई गई।लोग सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते नजर आये।नंगाड़ों और फाग गीतों की धूम, हर गली मोहल्लों एवं ग्रामीण अंचलों में होलिका दहन के साथ ही बढ़ती गई। मस्ती के त्योहार में सुबह से ही बच्चे हाथों में रंग,गुलाल और पिचकारी लेकर सड़कों पर निकले।वे जगह-जगह नगाड़ों की थाप पर फाग गीतों में थिरकते नजर आये।बाजार में रंगों के साथ पिचकारी, गुलाल एवं शक्कर के बने हरवे की मांग बनी रही।हरवे का चलन कम होने के बाद भी बाजार में रंग बिरंगे हरवे दुकानों में देखे गए। सोमवार को बाजार में ग्राहकों की भीड़ इन सभी सामानों के लिए लगी रही। बाजार में विभिन्न प्रकार के मुखौटों व आवाज निकलने वाले चीजों की भी खूब बिक्री रही। बाजार में लोगों भी भीड़ अधिक संख्या में देखी गई।

खाते से खुद के पैसे नहीं निकलने के कारण किसान चिंतित

किसानों के बैंक खाते में लगा रोक, खातेदार हो रहे हलाकान

लखनपुर/नवप्रदेश। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा लखनपुर के खातेदार किसानों के खातों में स्टाप लगने से किसान काफी परेशान हैं। दरअसल 8-9 समितियों के पंजीकृत किसानों के खाते जिला सहकारी बैंक शाखा में खुले हुए हैं। क्षेत्र के किसान प्रतिवर्ष समितियों में धान बेचते हैं राज्य सरकार के द्वारा तो समय पर उनके खाते में पैसा डिपोजिट करा दिया जाता है।

खाते से खुद के पैसे नहीं निकलने कारण किसान काफी चिंतित हैं। किसानों ने बताया जिन खाते दारो के खाता संचालन पर रोक लगा दिया गया है ओ किसान अपना पैसा बैंक से नहीं निकाल पा रहे हैं जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी से जुझना पड़ रहा है। बैंक कर्मचारियों के द्वारा किसानों को ई केवाईसी कराने को बोला गया है । केवाईसी कराये हुए 15 दिवस से ऊपर हो जाने के बाद भी अभी तक व्यवस्था सुधार नहीं हो सका है। जिसे

लेकर किसानों में काफी नाराजगी है । बैंक हितग्राही किसान ने बताया कि 15 दिवस पूर्व मैंने 50 हजार जमा कर शेष बाकी पैसा देने के करार पर मोटरसाइकिल खरीदा था लेकिन 15 दिवस बीत जाने के बाद भी बैंक से पैसा नहीं मिलने कारण मोटरसाइकिल का बकाया राशि का भूगतान नहीं कर सका हूं।काफी परेशानी हो रही है। एक दूसरे किसान ने बताया कि मुझे अपने लड़की के शादी हेतु पैसों की नितांत जरूरत है लेकिन बैंक जाने पर बैंक के कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि आपके खाते में स्टॉप लगा हुआ है। ईकेवाईसी के लिए फॉर्म भी भराया गया लेकिन अभी तक स्टॉप नहीं हटा है ।पैसा होने के बाद पैसे के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।बाजार से ऊंचे ब्याज दर पर लेना पड़ रहा है पैसा उधार कई किसानों ने बताया कि खाते में पर्याप्त पैसा होने के बाद भी पैसे का आहरण नहीं हो पा रहा है । ऐसे हालत में अत्यंत जरूरी कार्य के लिए बाजार से ऊंचे ब्याज दरों पर पैसा उधार लेना पड़ रहा है।

बैंक खाताधारी क्षेत्र के किसानों ने जिला प्रशासन से तत्काल समस्या का निराकरण करने की मांग की है अन्यथा की स्थिति में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। कमलनयन पांडेय शाखा मैनेजर ने चर्चा में बताया कुछ खास वजह से खातों में स्टॉप लगाया गया है जैसे मोबाइल नंबर व्यवस्थित नहीं है।एक से अधिक खातों में एक ही मोबाइल नंबर अपडेट होने के कारण केवाईसी पूर्ण नहीं होने कारण। एक से अधिक खातों में एक ही पैन नंबर होने के कारण स्टाफ लगाया गया है। किसानों से लगातार संपर्क कर केवाईसी पूर्ण कराया जा रहा है।

कलेक्टर ने दिव्यांग बच्चों और वृद्धजनों संग मनाई होली

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। रंगोत्सव के अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर ने समाज के विशेष वर्गों के साथ खुशियां बांटने का अनुकरणीय कार्य किया। उन्होंने शासकीय बौद्धिक मंदता विद्यालय के दिव्यांग बच्चों, वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों एवं अनाथ बच्चों के साथ होली का पर्व मनाया और उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द्र, एकता और हृदयों को जोड़ने का पर्व है। उन्होंने सभी से समाज में समरसता बनाए रखने और ज़रूरतमंदों की मदद करने का आह्वान किया। इस दौरान बच्चों और वृद्धजनों के चेहरे पर खुशियों की चमक नजर आई। बच्चों और बुजुर्गों ने रंगों और मिठाइयों के साथ खूब आनंद लिया। उनकी मुस्कान और उत्साह ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। इस दौरान कलेक्टर श्री भोसकर ने सभी से प्रेम, भाईचारा और सौहार्द पूर्वक होली का त्योहार मनाने की अपील की।

जनपद अध्यक्ष का चुनाव टला.. अब 23 मार्च को

सक्ती/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव निर्धारित था निर्वाचन अधिकारी की सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने के कारण तिथि में परिवर्तन किया गया है जिससे निर्वाचन अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण जनपद अध्यक्ष का चुनाव टल गया है ,आपको बता दे जिले के चार जनपद पंचायतों में से तीन मालखरौदा, जैजैपुर और डभरा में जनपद अध्यक्ष का चुनाव विगत 04 मार्च को संपन्न हो चुका है, जहां भाजपा ने अपनी मजबूत पकड़ साबित करते हुए जीत दर्ज की है।

लेकिन जिला मुख्यालय सक्ती जनपद पंचायत में अध्यक्ष पद का चुनाव अभी तक नहीं हो पाया है, इसकी तारीख आज 12 बुधवार मार्च को तय की गई थी , लेकिन जिम्मेदार चुनाव अधिकारी के नहीं होने की वजह से यह चुनाव आगामी दिनों में संपन्न होने के आसार हैं, पुलिस प्रशासन की आला अधिकारी भी जनपद पंचायत परिसर में डटे हुए हैं , काफी हो हल्ला के बाद दोपहर 1ः00 बजे नायब तहसीलदार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिम्मेदार निर्वाचन अधिकारी की सड़क दुर्घटना मे घायल होने के कारण तिथि में परिवर्तन किया जाता है ,जनपद पंचायत के मुख्य गेट के सामने कांग्रेसियों का भी जमावड़ा लगा हुआ था जिनमें मुख्य रूप से कांग्रेस नेता पूर्व विधायक नावेल वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मेनका जायसवाल ,साधेश्वर गबेल, आनंद अग्रवाल ,श्रवण सिदार, पिंटू ठाकुर ,गिरधर जायसवाल, रूपनारायण साहू जागेश्वर राज, ऋषि राय, दिनेश दुबे, अलका जायसवाल, सहस राम कर्ष , शाहिद अन्य दिग्गज कांग्रेसियो ने आज होने वाले चुनाव को निरस्त करने के कारण इस प्रक्रिया को लोकतंत्र की हत्या बताया है। जनपद पंचायत के मुख्य गेट के सामने लक्ष्मण रेखा बना दिए हैं वहां निर्वाचित जनपद पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत में कार्य कर्मचारियों को ही अंदर प्रवेश करने दिया जा रहा है बाकी अन्य नागरिको एवं मीडिया प्रतिनिधियों को भी अंदर जाने नहीं दिया जा रहा था । एडिशनल एसपी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी , जिले में पदस्थ थाना प्रभारी, महिला पुलिस बल, जाली बॉडी हेलमेट सुरक्षा के साथ तैनात रहे ।

पायलेट राउंड 2.0 में इंटर्नशिप पंजीयन 31 तक

मुंगेली/नवप्रदेश। भारत शासन की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलेट राउंड 2.0 में इंटर्नशीप हेतु पंजीयन 31 मार्च तक किया जा सकता है। इसके लिए आवेदक वेबसाइट पर स्वयं या लोक सेवा केन्द्र या शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज धरमपुरा में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज की सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि आवेदक की उम्र 21 से 24 वर्ष के मध्य हो तथा 10वीं, 12वीं, पॉलिटेक्निक, आईटीआई या किसी महाविद्यालय से स्नातक किया होना चाहिए।

निर्माण कार्यों पर कुल लागत का 1 प्रतिशत उपकर 20 मार्च से पूर्व करें जमा

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम, 1996 एवं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार उपकर अधिनियम, 1996 एवं 1998 के प्रावधानों के अनुसार किसी भी भवन एवं अन्य सन्निर्माण के कुल लागत (भूमि की लागत को छोड़कर) का 01 प्रतिशत उपकर के रूप में धारा-03 के तहत् निर्माण कार्य से संबंधी शासकीय/अशासकीय/निजी एवं व्यक्तिगत संस्थानों के द्वारा उनके क्षेत्रकारिता के भीतर होने वाले निर्माण संबंधी कार्यों पर उनके निर्माण कार्य के कुल निर्माण लागत का 01 प्रतिशत उपकर कटौती किया जाना अनिवार्य है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 की धारा-3 के अधीन संदेय उपकर के निर्धारण उपरांत निर्दिष्ट समयावधि में उपकर संदेय नहीं किये जाने की स्थिति में भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 1996 के नियम-8 के अंतर्गत 02 प्रतिशत मासिक तथा वार्षिक 24 प्रतिशत की दर से व्याज संदाय किये जाने का प्रावधान है। इस संबंध में विभाग के विभागाध्यक्ष कार्यालय/जिला कार्यालय तथा विभाग अंतर्गत संचालित-निगम/मंडल/आयोग/प्राधिकरण/संस्थान/विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के द्वारा निर्माण संबंधी कार्य कराया जाता है, उन कार्यालय में निर्माण कार्यों से काटी गयी 01 प्रतिशत उपकर की राशि काटौती किया जाये। साथ ही ऐसे प्राधिकृत विभाग जो किसी निर्माण कार्य करने संबधित निजी/शासकीय/अशासकीय तथा व्यक्त्तिगत आवास, व्यवसायिक दुकान/आवासीय कॉलोनी निर्माण संबधित कार्यों पर भवन अनुज्ञा की स्वीकृति जारी की जाती है, उन कार्यालय द्वारा भवन अनुज्ञा स्वीकृति जारी करने के पूर्व उपकर जमा करने के पश्चात् ही अनुज्ञा जारी करने का कष्ट करेगें।

परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षाएं 17 मार्च से 03 अप्रैल 2025 तक आयोजित होंगी। परीक्षाओं के लिए कक्षा 5वीं हेतु प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक तथा कक्षा 8वीं हेतु प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक निर्धारित किया गया है।

बलरामपुर -रामानुजगंज जिले में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में कुल 2277 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्था हेतु कलेक्टर श्री कटारा के द्वारा डिप्टी कलेक्टर इंदिरा मिश्रा, मोबाईल नम्बर 70001-61300 को नोडल अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी डी.एन. मिश्रा मोबाइल नंबर 94255-85069 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के सघन निरीक्षण एवं अनुचित साधनों को रोकने के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन भी किया गया है। जिसमें अनुभाग बलरामपुर के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी बलरामपुर को दल प्रभारी एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बलरामपुर को दल सदस्य नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार जिसमें अनुभाग रामानुजगंज के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी रामानुजगंज को दल प्रभारी एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी रामानुजगंज को दल सदस्य, अनुभाग वाड्रफनगर के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी वाड्रफनगर को दल प्रभारी एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी वाड्रफनगर को दल सदस्य, अनुभाग राजपुर के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजपुर को दल प्रभारी एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी राजपुर को दल सदस्य, अनुभाग कुसमी के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी कुसमी को दल प्रभारी एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कुसमी को दल सदस्य तथा अनुभाग शंकरगढ़ के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी शंकरगढ़ को दल प्रभारी एवं खाद्य निरीक्षक व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी शंकरगढ़ को दल सदस्य नियुक्त किया गया है।

आयोजन | आवास मेला का आयोजन, कलेक्टर एवं जिला सीईओ कार्यक्रम में हुए शामिल

उत्कृष्ट कार्य के लिए हितग्राहियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले के जनपद पंचायत उदयपुर के ग्राम पंचायत पलका में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मेला का आयोजन किया गया। आवास मेले में सेक्टर की 6 ग्राम पंचायत सलका, खोडरी, केशगंवा, पंडरीपानी, सोनतराई एवं पलका के कुल 4 सौ 17 हितग्राही शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर विलास भोसकर एवं जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल ने हितग्राहियों से आवास निर्माण समय पर पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही, तय समय-सीमा में आवास पूर्ण कर चुके 25 हितग्राहियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने पात्र सभी हितग्राहियों

को तय समय-सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने हेतु शपथ दिलाई। वहीं कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत पलका की महिला हितग्राही एतवारो के प्रधानमंत्री आवास का गृह प्रवेश कराया गया। साथ ही समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आवास निर्माण के लिए प्रेरित करना है। जिससे हर परिवार को जल्द से जल्द अपना पक्का आवास मिल सके। कार्यक्रम में जनपद सीईओ श्री वेद प्रकाश गुप्ता, एपीओ स्वेच्छ सिंह, डीसी आवास शशांक सिंह, एई आवास रुबिना खान, एसडीओ आरईएस शैलेंद्र भारती, मनरेगा पीओ सुनील मिश्रा, बीसी आवास भुनेश्वर सिंह उईके, तकनीकी सहायक शैलेष मिश्रा सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

घुईभवना जंगल में लगी आग पौधे जलकर राख

लखनपुर/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र लखनपुर के कोसगा घुई भवना जंगल में आग लगने से तैयार होने वाले बेहिसाब नवजात पौधे जलकर भस्म हो गये हैं। प्रत्येक्ष दर्शीयो की मानें तो दिन के करीब 10 बजे जंगल में आग लग चुकी थी और सारा जंगल दावानल के जद में आ गया था। लेकिन परिक्षेत्र कार्यालय से संबंध स्थापित नहीं होने कारण जंगल में आग लगने की सूचना नहीं दी जा सकी थी । जिससे सारा जंगल दिन भर धू-धू कर जलता रहा । वन वर्दी को खबर लेने तक की फुर्सत नहीं रही। दरअसल महुआ बिनने की सीजन आते ही जगलातो में आग लगने का सिलसिला शुरू हो जाता है। लोगों का मानना है --इससे पहले कि जंगलों में आग लगे वन विभाग को पूरी एहतियात बरतनी चाहिए। बीट गार्डों को गस्त कर जायजा लेते रहनी चाहिए -नहीं लिया जाता। वन अमला के इसी लापरवाही के वजह से हर साल वनखंडो में लगने वाली आग से तैयार होने असंख्य नवजात पौधे जलकर खाक हो जाते हैं। फिलहाल घुई भवना जंगल देर रात तक जलता रहा आग पर काबू नहीं पाया जा सका था।

सप्ताहभर बाद बढ़ेगी उमस, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना, 16 जिलों में येलो अलर्ट जारी, 40 डिग्री पहुंचा तापमान

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मार्च के महीने में ही भीषण गर्मी का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग ने राज्य के 16 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है, जहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच चुका है। खासकर रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग में लू चलने की संभावना जताई गई है।

प्रदेश का सबसे गर्म शहर बिलासपुर रहा, जहां अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान 15.6 डिग्री अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है। शनिवार को मौसम विभाग ने

बालोद, बलौदाबाजार, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कांकेर, कोरबा, महासमुंद, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ में लू चलने की चेतावनी दी थी। राजधानी रायपुर समेत बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा और बस्तर संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, खुले आसमान और सीधी धूप के कारण गर्मी तेज हो रही है। शनिवार को रायपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों में दिन का तापमान 40 डिग्री और रात का तापमान 25 डिग्री तक रहने की संभावना है। बिलासपुर का तापमान सामान्य से 5.3 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम तापमान- 40.5 डिग्री न्यूनतम तापमान : 20.2 डिग्री (सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक) गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में भी 39.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 7.5 डिग्री अधिक रहा। सरगुजाः अधिकतम तापमान 38 डिग्री (सामान्य से 6.2 डिग्री अधिक) और न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री (सामान्य से 0.5 डिग्री कम)। जगदलपुरः अधिकतम तापमान 38 डिग्री (सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक) और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री (सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक)। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक तेज गर्मी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, कुछ इलाकों में हल्की धुंध या आंशिक बादल छाने की उम्मीद है, लेकिन इससे तापमान में कोई खास गिरावट नहीं होगी।

बढ़ेगी गर्मी

मौसम वैज्ञानिक श्री चंद्रा के अनुसार, अगले दो दिनों तक तेज गर्मी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, कुछ इलाकों में हल्की धुंध या आंशिक बादल छाने की उम्मीद है, लेकिन इससे तापमान में कोई खास गिरावट नहीं होगी। इसी तरह मौसम यथावत रहेगी और अभी गर्मी उमस बड़ने की संभावना है।

रतनपुर को स्वच्छ, उन्नत बनाने निष्ठा से करेंगे कार्य : लवकुश

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक परिषद रतनपुर में आज ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें नव-निर्वाचित अध्यक्ष लवकुश कश्यप ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ नगर पालिका के 15 वार्डों के पार्षदों को भी शपथ दिलाई गई। इस भव्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नगरवासियों का भारी उत्साह देखने को मिला। समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ लोरमी विधायक धरमजीत सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, सहित अटल श्रीवास्तव, सुशांत शुक्ला और अमर अग्रवाल जैसे वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष लवकुश ने कहा यह मेरे लिए सम्मान और जिम्मेदारी का क्षण है। नगर के सर्वांगीण विकास के लिए हम पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। पार्षदों के समर्थन और जनता के सहयोग से स्वच्छ सुंदर और उन्न्त बनाऐंगे।

कोटा के विकास के लिए सभी वर्गों का साथ जरूरी : सरोज

इसी कड़ी में नगर पंचायत कोटा के अध्यक्ष और पार्षदों व जनपद पंचायत कोटा के अध्यक्ष व जनपद सदस्यों ने ली शपथ, नगर पंचायत कोटा के अध्यक्ष और पार्षदों व जनपद पंचायत कोटा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व जनपद सदस्यों का डी.के.पी. स्कूल मैदान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुईं। इस दौरान बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल सहित बीजेपी कार्यकर्ता, निवार्चित जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।नगर पंचायत कोटा के वन निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सरोज दुर्गेश साहू और 12 बीजेपी समेत 03 कांग्रेस पार्षदों ने शपथ ली। वहीं नगर पंचायत कोटा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने कहा कि नगर के हर एक व्यक्ति हमारे अपने हैं। हम हर वर्ग सभी समाज को साथ लेकर चलेंगे। लोगों को मूलभूत सुविधा सड़क , बिजली, साफ पेयजल, साफ-सफाई समेत नगर के विकास पर सब मिल जुलकर काम करेंगे।जनपद पंचायत कोटा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सूरज साधे लाल भारद्वाज ने कहा कि केंद्र और राज्य और निगम के बाद जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई है। चौबल इंजन की सरकार होने से लंबे समय से रुके काम पूरे होंगे। विकास अब तेज गति में आगे बढ़ेगा।

ऐतिहासिक नगरी मल्हार का करेंगे सर्वांगिण विकास : धनेश्वरी

इसी कड़ी में नगर पंचायत मल्हार में नव निर्वाचित धनेश्वरी कैवर्त्य सहित उपाध्यक्ष एवं पार्षदगणों ने शपथ लिया। प्रशासक के तौर पर सीएमओ मनीष सिंह ठाकुर ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई।

सतत विकास का लक्ष्य-अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाएं लाभ : संभागायुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। सतत विकास लक्ष्य पर संभाग स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रार्थना सभाभवन के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए संभागायुक्त महादेव कावरे ने कहा कि सतत विकास का उददेश्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए सामाजिक और आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करना है।

राज्य नीति आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्य के जिलों में बेहतर क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग में सुविधा हेतु एसडीजी डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क तैयार किया गया है। डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क में सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं अन्य पहलुओं संबंधी कुल 82 इंडिकेटर का समावेश किया गया है। कार्यशाला में राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के सुब्रमण्यम, नीति आयोग के सदस्य सचिव डॉ.नीतू गोर्डिया, जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री संदीप अग्रवाल सहित संभाग के सभी जिलों के अधिकारी मौजूद थे। श्री कावरे ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2015 में 17 सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किए थे, जिन्हें 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उददेश्य विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्यों को कैसे प्राप्त किया जाए, इस पर विचार विमर्श करना था। रैकिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ को 69 अंक हासिल हुए हैं। संभाग में मुंगेली, रायगढ़ और सारंगढ़ को सबसे ज्यादा 70 अंक हासिल हुए हैं। बिलासपुर को 69 अंक मिले हैं। इन इंडिकेटर्स अंतर्गत जिलों द्वारा प्राप्त प्रगति का डाटा समाहित कर प्रतिवर्ष प्रगति रिपोर्ट भी जारी की जाती है। इन एसडीजी रिपोर्टस के आधार पर कलेक्टर और विभाग विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों के प्रगति का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं अनुशीलन कर रहे हैं। जिलों की प्रगति को आईटी टूल एसडीजी डैशबोर्ड के माध्यम से प्रभावी रूप से दर्शाया गया है। साथ ही जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय एसडीजी टीम द्वारा प्रगति की समीक्षा की जा रही है। यह फ्रेमवर्क और रिपोर्ट संबंधित विभाग के अधिकारियों को विकास की बाधाओं की पहचान कर समाधान चिन्हित करने, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग एवं आंकड़े आधारित साक्ष्य के आधार पर रणनितियों और कार्यक्रम को लागू करने में मददगार साबित हो रही है।

महिला वर्ग में अध्यक्ष करुणा देवी मनोनीत

मुंगेली। क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ उप समिति मुंगेली में नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हुई जिसके तहत अध्यक्ष पद पर लखन सिंह, उपाध्यक्ष पर तोप सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर गजानंद सिंह, सचिव मुकेश सिंह,उप सचिव विकास सिंह, केंद्रीय निर्णायक सदस्य तारण सिंह,केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मोहन सिंह बिसेन, कार्यकारिणी के छ्ह पद हेतु देवी सिंह सोलंकी, अजय सिंह, चंद्रशेखर सिंह, नंदकुमार सिंह, पालन सिंह, गोपाल सिंह, महिला अध्यक्ष श्रीमती करुणा देवी, युवा अध्यक्ष रितेश सिंह, युवा सचिव अमित सिंह निर्वाचित हुए।

किकेट प्रतियोगिता में डॉ सुधांशु करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर द्वारा राजधानी रायपुर मे समपूर्ण प्रदेश स्तर सिविल सर्विसेज किकेट चयन का आयोजन किया गया था।जिसमें सिम्स हास्पीटल बिलासपुर के मनोरोग विभाग मे कार्यरत ड़ॉ सुधांशु का चयन आल इंडिया सिविल सर्विसेज किकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ । ये प्रतियोगिता 17 मार्च से 25 मार्च तक दिल्ली मे आयोजित की गयी है ।जिसमें 22 प्रदेश की क्रिकेट टीम हिस्सा लेंगी । प्रतियोगिता नाकआऊट फार्मूला से खेली जायेंगी ।

हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा को किया तलब, डीएड भर्ती का मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्राइमरी स्कूलों में डीएड डिप्लोमाधारी याचिकाकर्ताओं को नियुक्ति देने में राज्य शासन की ओर से की जा रही लेटलतीफी को हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने स्कूल शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत उपस्थिति का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई से पहले डीएड डिप्लोमाधारी याचिकाकर्ताओं को प्राइमरी स्कूल में नियुक्ति का निर्देश शासन को दिया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य शासन ने बीएड डिग्रीधारी शिक्षक जिनकी नियुक्ति प्राइमरी स्कूलों में कर दी गई थी, बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया है। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद भी कार्रवाई ना होने पर प्रकाश साहू व अन्य ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की है। याचिका में कोर्ट के निर्देश का पालन ना करने की शिकायत की है। अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने एक अप्रैल से पहले डीएड डिप्लोमाधारकों को प्राइमरी में नियुक्ति देने की जानकारी कोर्ट को दी थी।अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने एक अप्रैल की तिथि तय कर दी है। इसके पहले याचिकाकर्ताओं को प्राइमरी स्कूल में नियुक्ति देने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दिन स्कूल शिक्षा सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का निर्देश कोर्ट ने दिया है।

होली के रंग में भंग, दो पक्ष भिड़े

चकरभाठा में हिंसक झड़प, कई घायल, इलाके में दहशत

बिलासपुर/नवप्रदेश। चकरभाठा थाना क्षेत्र के सत्तर खोली में होली के दिन उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश के चलते हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में कई लोग घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस मारपीट के कारण क्षेत्र में तनाव का माहौल है, और स्थानीय लोग भय के साये में जी रहे हैं।

पीड़ित पक्ष के जगदीश छाबड़ा के अनुसार, जब वे मोहल्ले में घूम रहे थे, तब उन्होंने नरेश पंजवानी को खून से लथपथ देखा। जैसे ही वे उसे मदद देने पहुंचे, उन पर भी हमला कर दिया गया। घायल नरेश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सिम्स रेफर कर दिया गया।वहीं, दूसरे पक्ष के पंकज वर्मा का कहना है कि जज बंगला के पास अचानक 60-70 लोगों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वे बेहोश हो गए। सुमित चौहान ने भी आरोप लगाया कि उन पर भीड़ ने हमला किया, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया।

स्थानीय प्रशासन पर उठे सवाल

नगर पालिका परिषद बोदरी के अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय वर्मा ने इस घटना को बिलासपुर के गैंगवार से जोड़ते हुए कहा कि बाहरी असामाजिक तत्व क्षेत्र में अशांति फैला रहे हैं। उन्होंने पुलिस से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर काउंटर केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, स्थानीय लोग पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

इलाके में दहशत और भय

इस घटना के बाद बोदरी और आसपास के क्षेत्रों में भय का माहौल है। लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं यह हिंसा आगे और न भड़क जाए। व्यापारियों ने अपनी दुकानों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है, और आम नागरिक रात में घर से निकलने से कतरा रहे हैं।

क्या कहती है यह घटना?

होली, जो कि प्रेम और भाईचारे का त्योहार है, उसमें इस तरह की हिंसा होना समाज के लिए चिंताजनक संकेत है। यदि पुलिस और प्रशासन समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं करते हैं, तो ऐसी घटनाएं बार-बार दोहराई जा सकती हैं। समाज के हर वर्ग को आपसी सौहार्द बनाए रखने और शांति बनाए रखने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है।अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले को कितनी गंभीरता से लेती है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।

बाबा गैलाराम साहब सच्चे संत फकीर थे, बलराम भैया

बिलासपुर/नवप्रदेश। ब्रह्म स्वरूप बाबा गेलाराम साहब जी का 95 वां अवतरण ÷दिवस, दो दिवसीय गोदड़ी वाला धाम सिंधी कॉलोनी में बड़े हि हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर एकादशी वाले बलराम भैया जी के द्वारा सत्संग कीर्तन की अमृत वर्षा की गई रात्रि 8 से 10 बजे तक कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गेलाराम साहब जी के छायाचित्र पर फूलों की माला पहनाकर दीपक , प्रज्वलित करके की गई बलराम भैया जी के द्वारा अपनी, अमृतवाणी में बाबा गेराराम साहब जी के जीवन के बारे में प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि बाबा सच्चे संत फकीर थे जिनकी कृपा से दुखियों के दुख दर्द होते थेबाबा सबसे प्रेम करते थे आज भी उनका नाम जपने से सच्ची भक्ति करने से दुख दर्द दूर होते हैं अपनी अमृतवाणी में कई भक्ति भरे भजन गाऐ जीसे सुनकर भक्तजन झूम उठे कार्यक्रम केआखिर में केक ?? काटा गया भक्तों को खिलाया गया अरदास की गई पल्लव पाया गया आम भंडारे का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारा ग्रहण किया इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा गेलाराम बाबा हरदास राम सेवा मंडल के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा

अलग-अलग समय में दो चाकूबाज गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने दो अलग अपराध में रिवर व्यू सिम्स के पीछे धारदार चाकू लहराते और आमजन को डराते धमकाने के जुर्म में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दोनो आरोपियों से चाकू भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम जैदुल हक और सैफुल हक है। आरोपी जैदुल तालापारा बजरंग चौक और सैफुल सदर बाजार का रहने वाला है।दो अलग मामले में पुलिस ने दो चाकूबाजों को गिरफ्तार किया है।

गलत इंजेक्शन लगाने से गर्भवती महिला का गर्भपात

■ परिजनों का आरोप, सिम्स प्रबंधन ने कहा-जांच के बाद होगी कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स में पेट दर्द की शिकायत पर भर्ती पांच माह की गर्भवती का गर्भपात हो गया. परिजनों ने इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए गलत इंजेक्शन लगाने से गर्भपात की बात कही है. प्रसूता कोटा करगीखुर्द की रहने वाली है. इधर सिम्स प्रबंधन ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

जानकारी के मुताबिक, कोटा क्षेत्र के करगी खुर्द में रहने वाली गिरजा साहू 5 माह से गर्भवती थी. पेट दर्द के साथ ब्लीडिंग होने की शिकायत पर उसे कोटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे बिलासपुर के मेडिकल कॉलेज सिम्स रेफर कर दिया गया.परिजनों का आरोप है कि सिम्स में इलाज के दौरान उसे दूसरी महिला का इंजेक्शन लगा दिया गया, जिसकी वजह से उसका गर्भपात हो गया. घटना के बाद परिजनों ने डॉक्टरों की लापरवाही की शिकायत सिम्स प्रबंधन से की है. सिम्स के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. लखन सिंह ने इलाज में लापरवाही की बात को खारिज करते हुए मामले की जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है।

कलेक्टर ने पत्रकारों के साथ मनाया रंग पर्व, उड़ाया रंग-गुलाल अवनीश शरण ने किया स्वागत, हंसी-ठिठोली का लिया आनन्द

बलासपुर। शायद पहली बार जिले के कलेक्टर ने पत्रकारों के साथ अपने निवास पर रंगपर्व मनाया। पत्रकारों ने भी कलेक्टर का न्योता स्वीकार कर कलेक्टर निवास परिसर में जमकर गुलाल उडाया। इस दौरान कलेक्टर ने आने वाले सभी पत्रकारों को बढ़कर स्वागत किया। साथ ही गुलाल लगाकर गले भी लगाया। रंग से सराबोर कलेक्टर अवनीश शरण ने इस दौरान पत्रकारों के साथ ना केवल संवाद और हंसी ठिठोली किया। बल्कि रंग भरी पिचकारी भी चलाया। कलेक्टर अवनीश शरण ने पत्रकारों ने भोजन भी लिया।

सुविचार

खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी क़ीमत कम नहीं होती है..!!

भारत के सामने नई चुनौतियां

पहले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर डब्लूटीओ के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी। मगर अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं।

भारत सरकार के सामने नई चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए फिर से भारत का नाम उन देशों के साथ लिया, जिनके बारे में उनकी राय है कि इन देशों ने अपनी ऊंची शुल्क दर से अमेरिका की नरम नीति का फायदा उठाया है।

इन देशों पर उन्होंने अगले दो अप्रैल से %जैसे को तैसा' टैक्स लगाने का एलान किया- यानी जो देश जिस दर से अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाता है, अब उसके उत्पादों पर उतना ही शुल्क अमेरिका में लगेगा।

चूंकि ट्रंप किसी वर्तमान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते, तो वे यह नहीं बताते कि उन देशों को पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया था।

हैरतअंगेज है कि भारत सरकार या विपक्ष ने भी अपनी जनता को इस बारे में जागरूक करने का प्रयास नहीं किया है। पहले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी।

मकसद न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था बनाना था। मगर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही डब्लूटीओ में न्यायाधीशों की नियुक्ति रोक कर इस संगठन को निष्क्रिय कर दिया। अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं।

इससे भारत में फैली घबराहट का अंदाजा इसी से लगता है कि भारत के दवा निर्यातकों ने सरकार से अमेरिकी दवाओं पर आयात शुल्क कर देने की मांग की है, ताकि जैसे को तैसा' टैरिफ के असर से वे बच जाएं। मगर यह फैसला आसान नहीं है।

नई अमेरिकी टैरिफ से विभिन्न उत्पाद प्रभावित होंगे, तो क्या सब पर आयात शुल्क शून्य किया जा सकता है? क्या केंद्र देश के व्यापार लाभ को शून्य करने का जोखिम उठाने की स्थिति में है?

वैसे चुनौतियां और भी हैं। मसलन, अमेरिकी तकनीकी एवं वित्तीय सेवा कंपनियों ने भारत डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम के नियमों के तहत डेटा को भारत में ही रखने संबंधी प्रावधान को लागू ना करने की मांग की है। क्या भारत सरकार इसे भी मानेगी?

विफल राष्ट्रप्रमुख साबित हुए हैं जेलेन्स्की

नीरज मनजीत

एक वैश्विक रिपोर्ट के मुताबिक ताज़ा हालात यह हैं कि रूस ने यूक्रेन के डोनेट्स्क, लुहांस्क, ज़ापोरिज्जिया और खेरसॉन प्रांतों पर कब्ज़ा कर लिया है। 2014 की लड़ाई में रूस ने पहले ही क्रीमिया पर कब्ज़ा किया हुआ है। मतलब यह कि इस युद्ध में यूक्रेन को अपना 20 फ़ीसदी हिस्सा खोना पड़ा है। पश्चिमी मीडिया इस युद्ध के लिए व्लादिमीर पुतिन की विस्तारवादी नीतियों और उनके अहम को जिम्मेदार मानता है। यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि यूक्रेन की इस तबाही के लिए जेलेन्स्की की ज़िद भी उतनी ही जिम्मेदार है। हर हालत में नाटो में शामिल होने की उनकी अंधी ज़िद ने लाखों यूक्रेनियों को बदतर हालात में धकेल दिया है। कोई भी क़ाबिल राष्ट्रप्रमुख क़तई ऐसा नहीं चाहेगा। वैश्विक कूटनीति के मामले में भी वे विफल साबित हुए हैं। यूक्रेन की इस अभूतपूर्व तबाही के बाद भी उन्हें नाटो में शामिल नहीं किया गया है। अमेरिका और नाटो देश उन्हें वैश्विक कूटनीति की शतरंज की बिसात पर केवल एक मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की इस वक़्त दुनिया के सर्वाधिक चर्चित राष्ट्रप्रमुख हैं। चर्चा में रहने के मामले में उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप, नरेन्द्र मोदी, व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग को भी पीछे छोड़ दिया है। मगर विडंबना यह है कि इसके साथ ही जेलेन्स्की इस वक़्त के सर्वाधिक पराजित और सबसे ज़्यादा नाकामयाब राष्ट्रप्रमुख भी हैं। हर क़ीमत पर नाटो में शामिल होने की जेलेन्स्की की ज़िद की वजह से यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध शुरू हुआ था। इधर व्लादिमीर पुतिन क़तई नहीं चाहते थे कि उनके ठीक पड़ोस में अमेरिका और नाटो के सैन्य अड्डे तैयार हो जाएँ और परमाणु हथियारों की तैनाती हो जाए। यूक्रेन को नाटो में शामिल करने का सीधा मतलब था-- ÷रूस के गले पर नाटो का चाकू अड़ाना÷। इस मुहावरे का प्रयोग शीतयुद्ध के दौर में अमेरिका ने उस वक़्त किया था, जब क्यूबा में फिदेल कास्त्रो के नेतृत्व में साम्यवादी सरकार बनी थी। तब क्यूबा के आकार की वजह से राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने उसे ÷अमेरिका के गले पर सोवियत चाकू÷ की संज्ञा दी थी।

सोवियत संघ के विघटन के बाद लातविया, लिथुआनिया, एस्टोनिया, हंगरी, चेक रिपब्लिक, पोलैंड, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया के नाटो में शामिल होने से व्लादिमीर पुतिन पहले ही काफी परेशान थे।जब यूक्रेन को नाटो में लिए जाने की बात चली तो रूस का साफतौर पर कहना था कि अगर जेलेन्स्की नाटो में जाने की ज़िद नहीं छोड़ते, तो वे युद्ध के लिए तैयार रहें। जेलेन्स्की उस वक़्त अमेरिका, यूरोप और नाटो के चढ़ावे में थे, इसलिए रूस की चेतावनी को उन्होंने नज़रअंदाज़ कर दिया। उन्हें लग रहा था कि अमेरिका और नाटो की मदद से वे रूस को हराने में कामयाब हो जाएँगे और वैश्विक बिरादरी में वे हीरो के तौर पर उभरेंगे। इधर अमेरिका और नाटो देश इसे रूस की अर्थव्यवस्था और पुतिन के अहम को तोड़ने का एक बहुत बड़ा अवसर मान रहे थे। लिहाज़ा उन्होंने जेलेन्स्की और यूक्रेन को आगे कर दिया और युद्ध शुरू हो गया। अमेरिका, यूरोप और नाटो देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए तथा यूक्रेन को आधुनिकतम हथियार मुहैय्या करा दिए गए।

इस नामुराद युद्ध ने पूरी दुनिया पर असर डाला है, मगर हमें यह देखना है कि तीन साल से ज़्यादा लंबे चले इस युद्ध के बाद रूस, अमेरिका, नाटो और यूक्रेन कहाँ खड़े हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस लड़ाई में रूस को बड़ा नुक़सान झेलना पड़ा है। एक मोटे अनुमान के मुताबिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रूस को 109 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और तक़रीबन एक लाख से ज़्यादा रूसी सैनिक मारे गए हैं। इस बड़े नुक़सान के बावजूद पुतिन ने रूस की अर्थव्यवस्था को टूटने नहीं दिया है। इसके लिए भले ही उन्हें साइबेरिया के अकूत भंडार से निकलने वाले तेल और गैस की क़ीमतें काफी कम करना पड़ीं, मगर अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में डॉलर के मुक़ाबले रूबल का भाव नहीं गिरने दिया। अमेरिका को भी यूक्रेन को हथियारों और नक़दी मदद देने में तक़रीबन 12 लाख रुपए ख़र्च करने पड़े हैं। नाटो देशों को कितना नुक़सान उठाना पड़ा है, इसका आकलन नहीं किया जा सका है। यूक्रेन तो तक़रीबन तबाही के कगार पर पहुंच गया है। उसे 54 लाख करोड़ रुपए का नुक़सान झेलना पड़ा है और उसके 50 से 60 हजार सैन्य कर्मी मारे जा चुके हैं। इससे भी बड़ी हानि यह है कि रूस की बमबारी से यूक्रेन के 25 लाख से ज़्यादा इमारतें ध्वस्त हो गई हैं। तक़रीबन 70 लाख से ज़्यादा नागरिकों को देश छोड़कर पोलैंड, माल्दोवा, हंगरी और यूरोप के अन्य कई देशों में निर्वासन की अभावग्रस्त ज़िंदगी बिताने पर विवश होना पड़ा है।

एक वैश्विक रिपोर्ट के मुताबिक ताज़ा हालात यह हैं कि रूस ने यूक्रेन के डोनेट्स्क, लुहांस्क, ज़ापोरिज्जिया और खेरसॉन प्रांतों पर कब्ज़ा कर लिया है। 2014 की लड़ाई में रूस ने पहले ही क्रीमिया पर कब्ज़ा किया हुआ है। मतलब यह कि इस युद्ध में यूक्रेन को अपना 20 फ़ीसदी हिस्सा खोना पड़ा है। पश्चिमी मीडिया इस युद्ध के लिए व्लादिमीर पुतिन की विस्तारवादी नीतियों और उनके अहम को जिम्मेदार मानता है। यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि यूक्रेन की इस तबाही के लिए जेलेन्स्की की ज़िद भी उतनी ही जिम्मेदार है। हर हालत में नाटो में शामिल होने की उनकी अंधी ज़िद ने लाखों यूक्रेनियों को बदतर हालात में धकेल दिया है। कोई भी क़ाबिल राष्ट्रप्रमुख क़तई ऐसा नहीं चाहेगा। वैश्विक कूटनीति के मामले में भी वे विफल साबित हुए हैं। यूक्रेन की इस अभूतपूर्व तबाही के बाद भी उन्हें नाटो में शामिल नहीं किया गया है। अमेरिका और नाटो देश उन्हें वैश्विक कूटनीति की शतरंज की बिसात पर केवल एक मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।

इधर अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के बाद इस युद्ध का परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन नैतिक, आर्थिक, रणनीतिक, अस्त्र-शस्त्र के मामले में हर तरह से जेलेन्स्की को मदद दे रहे थे। पश्चिमी मीडिया उन्हें एक ऐसे हीरो के तौर पर पेश कर रहे थे, जो पूरी बहादुरी से रूस का सामना कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने आते ही बाइडेन प्रशासन की यूक्रेन पॉलिसी को पूरी तरह उलट दिया है। ट्रंप ने पहले तो यूक्रेन की मदद पर रोक लगा दी और जेलेन्स्की को हर शर्त पर युद्धविराम करने के लिए कह दिया। ट्रंप ने सीज़फायर के संदर्भ में वार्ता के हर स्तर पर हर तरह से जेलेन्स्की का अनादर किया है। उन्होंने जेलेन्स्की को तानाशाह बताया और कहा कि उनकी वजह से दुनिया में तीसरा विश्वयुद्ध छिड़ सकता है। उन्होंने यूक्रेन के विपक्षी नेता से बातचीत करके वहाँ राष्ट्रपति चुनाव कराने के लिए कहा। वैश्विक बिरादरी में ट्रंप के अटपटे संकेतों का यह मतलब निकाला गया कि वे जेलेन्स्की को बिल्कुल नापसंद करते हैं और यूक्रेन के अंदरूनी मामलों में दख़ल देकर जेलेन्स्की को सत्ता से हटाना चाहते हैं। व्हाइट हाउस में मीडिया के सामने ट्रंप, उप राष्ट्रपति जेडी वेंस और जेलेन्स्की के बीच जो गरमागरम बहस हुई उसे पूरी दुनिया ने देखा। नतीजतन अमेरिका से समझौते के लिए गए जेलेन्स्की को बेआबरू होकर व्हाइट हाउस से निकलना पड़ा।

फिलहाल जेलेन्स्की का अभिमान, अहंकार, स्वाभिमान ज़मीन पर रेंग रहा है। व्हाइट हाउस से निकलने के बाद वे ट्वीट पर ट्वीट करके ट्रंप से विनती कर रहे हैं कि वे उन्हें फिर से व्हाइट हाउस बुलाएँ ताकि वे अपनी मिनरल की खदानें अमेरिका को सौंप कर समझौता कर सकें। बहुमूल्य खनिज के ये खानें जेलेन्स्की अमेरिका को 14 लाख करोड़ रुपयों के बदले सौंपने को तैयार है, जो युद्ध के दौरान बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन पर ख़र्च किए हैं। कुल मिलाकर जेलेन्स्की ने यूक्रेन को ऐसे चौराहे पर ला खड़ा किया है, जहाँ से हरेक रास्ता यूक्रेन के लिए हानिकारक साबित होगा।

भारत के आर्थिक विकास में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की भूमिका

लव कुमार मिश्रा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश भर में कोयला, बिजली, सीमेंट और स्टील जैसे प्रमुख संसाधनों की आवाजाही को सुगम बनाकर भारत की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । 2003 में अपनी स्थापना के बाद से, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बिलासपुर में इस क्षेत्र का उद्घाटन किया था, तब से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे माल और यात्री दोनों की आवाजाही को बेहतर बनाने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरा है । बिलासपुर में मुख्यालय वाला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों में परिचालन करता है । यह केंद्रीय रूप से स्थित क्षेत्र कोयले के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण है, जो इसके तत्काल भौगोलिक क्षेत्र से परे थर्मल पावर प्लांट और उद्योगों का समर्थन करता है । आवश्यक संसाधनों का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करके इस रेल्वे ने औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

हाल के वर्षों में, भारत के तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास और बिजली, सीमेंट, कोयला और इस्पात क्षेत्रों के विस्तार ने कच्चे माल के परिवहन की मांग को बढ़ा दिया है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोयले और अन्य खनिजों की आवाजाही का सफलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए इस मांग को प्रभावी ढंग से पूरा किया है । यह देश की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में सहायक रहा है । इस उपलब्धि के बावजूद, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने बुनियादी ढांचे का विस्तार करने और खनिज परिवहन क्षमता, विशेष रूप से कोयला में सुधार करने के लिए नए रास्ते तलाशना जारी रखता है । भारी माल ढुलाई के साथ-साथ यात्री यातायात में लगातार 5 प्रतिशत की वृद्धि को प्रबंधित करने की चुनौती के बावजूद, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए यात्री सेवाएँ भी प्राथमिकता बनी हुई हैं । यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए त्यौहारों के मौसम में विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं और मौजूदा ट्रेनों में अक्सर अतिरिक्त कोच जोड़े जाते हैं । निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए समय की पाबंदी में सुधार के प्रयास भी किए जा रहे हैं ।

अपने बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सक्रिय रूप से अमृत भारत स्टेशन योजना को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य यात्री सुविधाओं और परिचालन दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रमुख स्टेशनों का पुनर्विकास करना है । इस पहल के तहत बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग जैसे प्रमुख स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है । बिलासपुर स्टेशन के परिवर्तन पर 392 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है, जिसमें बेहतर प्रवेश बिंदु, स्थानीय कला को एकीकृत करने वाली विरासत से प्रेरित वास्तुकला और सौर पैनल और वर्षा जल संचयन जैसी टिकाऊ सुविधाएँ शामिल हैं । स्टेशन पर 26 लिफ्ट और 26 एस्केलेटर होंगे, जिससे पहुंच में काफी सुधार होगा ।

463 करोड़ के बजट के साथ रायपुर स्टेशन का पुनर्विकास, भविष्य की मेट्रो कनेक्टिविटी और बेहतर बस स्टेशन पहुंच के लिए प्रावधानों को एकीकृत करता है । विस्तारित पार्किंग सुविधाएं और दिव्यांगों के अनुकूल सुविधाएं पुनर्निर्मित स्टेशन की मुख्य विशेषताएं हैं ।

441 करोड़ की लागत से अपग्रेड किए जाने वाले दुर्ग स्टेशन में हेरिटेज थीम वाली डिजाइन, आधुनिक सुविधाएं और ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन की सुविधा होगी । इसका विस्तारित लेआउट यात्रियों के लिए अधिक सुविधा सुनिश्चित करेगा ।

आज का इतिहास

17 मार्च, 1763 : अब्बासी खलीफा हारून-अल-रशीद का जन्म। 17 मार्च, 1861 : इटली का एकीकरण। 17 मार्च 1920 : बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीब-उर-रहमान का जन्म। 17 मार्च, 1406 : अरब इतिहासकार, समाजशास्त्री इब्ने खल्दून का जन्म। 17 मार्च 1957 : फिलीपींस के राष्ट्रपति रैमन मैग्सेसे का हवाई दुर्घटना में निधन। 17 मार्च 1961 : भारतीय महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म। 17 मार्च, 1969 : गोल्डा मेयर इजराइल की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनीं। 17 मार्च, 1990 : भारतीय महिला बैंडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल का जन्म। 17 मार्च 1987 : क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 17 मार्च 1994 : रूस द्वारा नाटो की शान्ति सहयोग योजना में शामिल होने का निर्णय। 17 मार्च 1996 : क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराकर खिताब जीता। 17 मार्च 1989 : उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे हेमवती नंदन बहुगुणा का निधन। 17 मार्च 2004 : नासा का मैसेंजर बुध ग्रह की कक्षा में प्रवेश करने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना।

भारत-मारीशस का संयुक्त दृष्टिकोण

प्रेम शर्मा

भारत और मारीशस के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास हैं। दुनिया में समकाल उथल-पुथल के बीच समय समय पर दोनों देशों के बीच साझेदारी के नए अध्याय लिखे जाते रहे। अब भारतीय प्रधानमंत्री की मारीशस यात्रा को कई कारणों से महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इसलिए भी कि दुनिया इस समय भू- राजनीति के एक जटिल दौर से गुजर रही है और इसमें आर्थिक और सामरिक मोर्चे पर नए ध्रुव बन रहे हैं। ऐसे में भारत के रुख पर विकासशील देशों या श्वैश्विक दक्षिण के साथ-साथ महाशक्ति माने जाने वाले देशों की भी नजर रहती है। वैसे भी शीतयुद्ध के दौरान दुनिया दो मुख्य ध्रुवों में बंटी हुई थी और कई देशों के नीतिगत फैसले भी उसी से तय होते थे, उस दौर में भी भारत की अहमियत जगजाहिर रही। अब पिछले कुछ समय से अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के साथ-साथ दुनिया भर में बन रहे नए समीकरण के बीच भी भारत का रुख सभी देशों के लिए मायने रखता है। अच्छा यह है कि भारत ने महाशक्ति कहे जाने वाले से लेकर बाकी तमाम देशों के साथ अपने संबंधों को खास महत्त्व दिया है। प्रधानमंत्री की ताजा मारीशस यात्रा के आखिरी दिन उन्नत रणनीतिक साझेदारी के लिए भारत-मारीशस का संयुक्त दृष्टिकोण जारी किया गया था जो मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच खास और अनूठे संबंधों को रेखांकित करता है। इस दौरान बनी सहमति के तहत बुनियादी ढांचा कूटनीति, वाणिज्य, क्षमता निर्माण, वित्त, आवास, अपराध की जांच, समुद्री यातायात निगरानी, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित बातचीत के जरिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

भारत मारीशस के सम्बंधों में भारत द्वारा मारीशस की नई संसद भवन का निर्माण की बड़ी अहमियत है। पिछले कुछ वर्षों से चीन के रवैये के मद्देनजर रक्षा और

समुद्री सुरक्षा सहयोग को भारत और मारीशस के बीच संबंधों का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ मान कर साझेदारी के सफर को आगे बढ़ाना भी एक अहम कड़ी है। हालांकि मुक्त और सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र सुनिश्चित करने के मामले में साझा प्रतिबद्धता वाले देश के रूप में इन दोनों देशों को एक स्वाभाविक साझीदार माना जाता है। यही वजह है कि समुद्री चुनौतियों का सामना करने और व्यापक रणनीतिक हितों की सुरक्षा के लिए मिल कर काम करने का अपना पुराना संकल्प दोहराया। भारतीय विदेश नीति की प्राथमिकता सूची में पड़ोस प्रथम के तहत भी मारीशस का स्थान महत्त्वपूर्ण है। हिंद महासागर में मारीशस अपनी भौगोलिक अवस्थिति की वजह से भारत के लिए एक बेहद अहम रणनीतिक साझेदार है। भारत को भी इसकी अहमियत का भान है, इसलिए मित्रता का स्वाभाविक दायित्व निभाने के साथ-साथ भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मारीशस में कई विकास योजनाओं में निवेश किया है। दोनों देशों के बीच रिश्ते में एक गहराई भी आई है। रणनीतिक लिहाज से मारीशस की भारत के साथ बढ़ती घनिष्ठता से चीन का असहज होना स्वाभाविक ही है, क्योंकि बीते कुछ समय से चीन कई स्तर पर ऐसी गतिविधियां जारी रखे हुए है, जिससे भारत को घेरा जा सके। उम्मीद की जा सकती है कि मारीशस के साथ भारत का संबंध अब एक नए अध्याय में प्रवेश करेगा और नई वैश्विक परिस्थितियों के अनुसार नई रणनीति तैयार की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय मॉरिशस यात्रा ने दोनों देशों के करीबी रिश्तों के अतीत, वर्तमान और भविष्य से जुड़े तमाम पहलुओं को बेहतरीन ढंग से रेखांकित किया है। इस दौरान दोनों देशों के बीच हुए आठ समझौते बेहद अहम हैं। प्रधानमंत्री को वहां के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जाना भी खास है। लेकिन ये सब उन रिश्तों के अच्छे फल मात्र हैं, जिनकी जड़ें दोनों देशों की समान सांस्कृतिक और औपनिवेशिक पृष्ठभूमि से ताकत लेते हुए उन्हें वर्तमान और भविष्य की साझा दृष्टि से लैस करती हैं। ज्ञात हो कि मॉरिशस के समाज के बड़े हिस्से का भारतीय मूल 13 लाख आबादी वाले इस द्वीपीय देश में करीब 70 प्रतिशत लोग भारतीय मूल के हैं।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) बिहार के किस शहर में सर्वाधिक रेशमी वस्त्र के कारखाने स्थापित है?

2) एकदिवसीय विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी कौन है?

3) भारत चुनाव आयोग द्वारा नेशनल आइकन के रूप में हाल ही में किसे चुना गया है?

4) 7वीं भारतीय मोबाइल कांग्रेस का आयोजन हाल ही में कहां हुआ?

5) सिंधिया और 1857 नामक पुस्तक का हाल ही में विमोचन किया गया, इसके लेखक कौन है?

उत्तरमाला- (1) भागलपुर (2) मोहम्मद शमी (45 विकेट) (3) राजकुमार राव (4) नई दिल्ली (5) डॉ राकेश पाठक

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

1		2	■	3		4	■	5
	■		■		■	6		
■	7				■		■	
8		■	■		■	9	10	
	■	■	■	11	12	■		■
13			14	■	15			■
	■	■	16	17		■	18	19
■	20	■	■		■	21	■	
22						23		

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 354 का हल

चु	स्त	■	मु	■	सं	स्था	न	■
ग	■	म	र्दा	न	गी	■	त	म
ली	प	ना	■	■	त	न	■	■
■	ना	ना	■	■	■	■	ज	■
मा	ह	■	रा	■	सा	ज	न	■
न	■	स	ह	दे	व	■	म	द
व	■	म	■	व	न	ज	■	ल
ता	क	त	व	र	■	मी	■	द
■	ल	ल	क	■	क	र	त	ल

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:34, सूर्यास्तः 06:26 चन्द्रोदयः 20:21, चन्द्रास्तः 07:11 अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः वसंत, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : चित्रा, योग : ध्रुव, प्रथम करण : गर (16:58 तक), द्वितीय करण : वणिज (30:14 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : तुला (25:15 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:02 से 12:50, द्विपुष्कर योग 11:45 से 16:58, सर्वार्थ सिद्धि योग 06:26 से 11:45, अमृत सिद्धि योग 06:26 से 11:45, विजय मुहूर्त 14:26 से 15:14, गोधूलि मुहूर्त 18:23 से 18:47, सायाह्न सन्ध्या 18:26 से 19:37, निशिता मुहूर्त 24:01 से 24:49, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:26 से 13:56, दुर्मुहूर्त 16:50 से 17:38, होमाहुति मंगल, दिशा शूल पश्चिम

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन को शांति से बिताने की आवश्यकता है आज आप स्थित को भांप कर ही व्यवहार करेंगे।

वृष : आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेकर ही सभी क्षेत्र पर व्यवहार करेंगे।

मिथुन : आज भी आपका हठीला स्वभाव बनते कार्यो में विलंब करेगा लोग आपसे व्यवहार तो करेंगे लेकिन केवल स्वार्थ पूर्ति के लिए ही अंदर से आदर का भाव नही रहेगा।

कर्क : आज का दिन पहले की तुलना में सुधार वाला रहेगा लेकिन आज धन की प्राप्ति केवल जोखिम लेकर ही हो सकेगी।

सिंहः आज के दिन आप सुनेंगे सबकी लेकिन करेंगे अपने ही मन की फिर भी आज व्यवसाय से आकस्मिक लाभ होने पर स्थिति बिगड़ने नही पाएगी।

कन्याः आज के दिन आपका मन काल्पनिक दुनिया की सैर करेगा मन मे खयाली पुलाव पकाएंगे लेकिन कर्म करने में लचीले रहेंगे।

तुलाः आज के दिन परिस्थितियां उलझन में डालने वाली बन रही है। आज कोई भी कार्य करने से पहले उसकी रूप रेखा अवश्य बना कर चले।

वृश्चिकः आज का दिन बीते कल की तुलना में बेहतर रहेगा। समाज से सम्मान तो मिलेगा इसके लिए कार्यों से समय भी निकालना पड़ेगा।

धनुः आज के दिन परिस्थितियां पहले से बेहतर बनेगी। आज आप किसी भी हालत में समझौता करने के पक्ष ने नही रहेंगे।

मकरः आज का दिन पिछले दिनो की अपेक्षा बेहतर रहेगा सेहत में सुधार अनुभव करेंगे। प्रातः काल से ही व्यवसाय अथवा किसी आवश्यक घरेलू कार्य में विलंब होने की चिंता रहेगी।

कुंभः आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाए जागृत होंगी पूजा पाठ के लिए समय तो निकालेंगे। **मीन** : आज के दिन से आप काफी आशाएं लगा कर रहेंगे परन्तु एक समय मे अधिक कार्य करने पर मतिभ्रम का शिकार बनेंगे। कार्य व्यवसाय सामान्य रहेगा

संभागायुक्त को पिछली बैठक के प्रतिवेदन से भी अवगत कराया

सिम्स के लिए 9.82 करोड़ रूपए बजट का अनुमोदन

बिलासपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त महादेव कावरे की अध्यक्षता में सिम्स बिलासपुर, मेडिकल कॉलेज कोरबा और रायगढ़ की स्वशासी प्रबंधकारणी समिति की बैठक यहां सिम्स सभागार में आयोजित की गई। रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, डीन एवं कोरबा मेडिकल कॉलेज के डीन बैठक में वीसी के जरिए शामिल हुए।

बैठक में मेडिकल छात्रों और मरीजों की सुविधाओं के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में संस्थान की शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय व्यवस्था और मुद्दों पर चर्चा कर सुविधाएं विकसित करने अनेक प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। स्वशासी समिति सिम्स के लिए 2025-26 का वार्षिक बजट अनुमोदित किया गया। 2025-26 के लिए 9 करोड़ 82 लाख रूपए का वार्षिक बजट तैयार किया गया है। अस्थि रोग विभाग में मरीजों के फिजियोथैरिपी हेतु चिकित्सकीय उपकरणों के लिए 2 लाख 85 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई। सिम्स परिसर में स्थित सभी हॉस्टलों में आवश्यक मरम्मत के कार्य कराए जाएंगे। अतिथि गृह में अतिथियों को कक्ष आबंटन हेतु निर्धारित नियमावली व निर्धारित शुल्क पर भी चर्चा की गई। एमबीबीएस पाठ्क्रम के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन अप्रैल माह में किया जाएगा जिसमें 4 लाख 92 हजार रूपए का खर्च संभावित है। संभागायुक्त को पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन से भी अवगत कराया गया। इसी प्रकार स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति कोरबा मेडिकल कॉलेज एवं रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए भी बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में एडीएम ए.आर. कुरूवंशी, अधिष्ठाता सिम्स डॉ. रमणेश मूर्ति, अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, उपायुक्त डॉ. स्मृति तिवारी सहित सिम्स के अन्य प्रशासकीय अधिकारी मौजूद थे।

यूनिटी अस्पताल में नए मरीजों की भर्ती व ऑपरेशन पर रोक

यूनिटी हॉस्पिटल बिलासपुर के संबंध में स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबर कि डॉक्टरों की लापरवाही एनेस्थिसिया देते ही कोमा में चली गई स्टूडेंट, दो दिन बाद हुई मौत शीर्षक से प्रकाशित समाचार में यूनिटी हॉस्पिटल बिलासपुर के द्वारा नर्सिंग छात्रा किरण वर्मा के गले में थायराइड गांठ की सर्जरी के लिए एनेस्थिसिया दिया गया था। तत्पश्चात् कोमा में जाने के कारण मौत होने के संबंध में लेख है। उक्त प्रकरण के संबंध में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर द्वारा टीम गठित कर जॉच कराने के निर्देश दिए गए हैं। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर के निर्देश पर प्रकरण की जांच हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रमोद तिवारी ने जांच रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की।

न्यूज गैलरी

चाकू लेकर घूमते युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स अस्पताल परिसर में बटन वाला धारदार लोहे का चाकू से आने जाने वाले लोगों को डराने वाले आरोपी को थाना सिटी कोतवाली पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जप्त हथियार-01 नग बटनवाला धारदार लोहे का चाकू । नाम आरोपी -04. कांहा उर्फ अक्षय यादव पिता संतोष यादव उम्र 24 वर्ष निवासी चांटीडीह किसानपारा शिव मंदिर के पास थाना सरकण्डामामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक - 14/03/2025 को जरिये मुखबिर मोबाईल से सूचना मिली कि कांहा उर्फ अक्षय यादव नाम का व्यक्ति सिम्स परिसर में बटन वाला धारदार लोहे का चाकू को लेकर आने जाने वालों को डरा धमका रहा है जिस पर थाना सिटी कोतवाली थाना प्रभारी विवेक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में टीम बनाकर सिम्स अस्पताल परिसर में घेरा बंदी किया जो पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाते हुये कार पार्किंग के तरफ भागने लगा जिसे कड़ी मशकक्त के बाद आरोपी - कांहा उर्फ अक्षय यादव पिता संतोष यादव उम्र 24 वर्ष निवासी चांटीडीह किसानपारा शिव मंदिर के पास थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर छ.ग. को पकडा गया जिसके पास एक बटन वाला धारदार लोहे का चाकू मिला जिसके संबंध में धारा 94 बी. एन.एस.एस के नोटिस दस्तावेज पेश करने हेतु दिया गया जो नोटिस पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताये जाने पर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. - 147 / 25 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया जेल है ।

विष्णुदेव सरकार में खेल प्रतिभाओं को मिल रही सुवधिाएं

बहतराई खेल स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर संजू ने बढ़ाया देश का मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में खेल प्रतिभाओं को उचित अवसर और सुविधाएं मिल रही हैं। इसी क्रम में बिलासपुर के बहतराई खेल स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई और देश को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

संजू का बिलासपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। प्रशानिक अधिकारियों, खेल संघों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। खिलाड़ी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा खेल और खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन के लिए आभार जताया।संजू ने छठवीं एशियन महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेकर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया,जिसकी बदौलत टीम इंडिया को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। कोरबा जिले के छोटे से गांव से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी ने बताया कि पहले वह गांव के छोटे छोटे आयोजनों में भाग लेती थी, जहां से उन्हें सीनियर खिलाड़ी ने जिले के कबड्डी प्रशिक्षक श्री अनुज प्रताप सिंह से मिलवाया,अनुज ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए प्रशिक्षित किया और बहतराई खेल स्टेडियम में चयन के लिए तैयारी कराई। यहां चयनित होने के बाद खेल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उनकी खेल प्रतिभा में निखार आया और उन्हें ये अवसर मिल पाया कि उन्होंने अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया। संजू ने बताया कि 8 घंटे की यात्रा के बाद वे ईरान पहुंची जहां कड़ाके की ठंड थी, प्रतिकूल मौसम से सामंजस्य बिठाते हुए भारतीय टीम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मलेशिया, नेपाल पर जीत हासिल की गई। फाइनल मैच मेजबान ईरान के साथ हुआ, जहां उन्होंने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर भारत का परचम लहराया। संजू ने बताया कि ईरान के नियमों के अनुरूप सभी खिलाड़ियों को रहना होता था, मेजबान देश के सभी नियमों का पालन करते हुए खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, और भारत को जीत दिलाई।

कलेक्टर ने सरकण्डा खेल परिसर का किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने सरकंडा स्थित खेल परिसर में बच्चों के लिए बनाए जा रहे स्वीमिंग पुल सहित अन्य कामों का निरीक्षण किया। निगम कमिश्नर अमित कुमार भी इस दौरान उनके साथ थे। उन्होंने मौके पर चिल्ड्रन स्वीमिंग पूल सहित अन्य निर्माण कार्यो की प्रगति देखी और सभी कार्यो को तय समय में पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि बच्चे यहां तैराकी प्रशिक्षण ले सके। इस दौरान पीडब्ल्यूडी, स्मार्ट सिटी परियोजना से संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार मौजूद थे। कलेक्टर ने बिलासपुर स्मार्ट सिटी द्वारा स्वीमिंग पूल में शेड निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। बताया गया कि यह शेड निर्माण कार्य अप्रैल माह तक पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर ने इसके संबंध में जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने चिल्ड्रन स्वीमिंग पूल, वेटिंग रूम एवं इंडोर हॉल मरम्मत काम का जायजा लिया। इस काम को भी पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। चिल्ड्रन स्वीमिंग पूल की धीमी गति पर ठेकेदार को फटकार लगाई। स्वीमिंग पूल, वेटिंग रूम एवं इंडोर हॉल मरम्मत के लिए 99 लाख रूपए स्वीकृत किये गये हैं। इसका निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है।

होली शांतिपूर्ण संपन्न, एसपी अपनी टीम के साथ रहे मौजूद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रंगो के पर्व होली को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रही एसपी आईपीएस रजनेश सिंह अपनी टीम के साथ स्वयं मोर्चा सँभालते नज़र आए ।

सुरक्षा के लिए कड़े इंतज़ाम किए गए,पूरे क्षेत्र में पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई.दिन भर पुलिस पैट्रोलिंग की गाड़िया सायरन बजाकर लोगों को जागरूक करती रही । एसपी श्री सिंह अपने प्रिय मेहनती कर्मचारियों को हर पल निर्देशित करते रहे ताकि आमजन रंगो के इस पल को उल्लास और आनंद के साथ सुरक्षित त्योहार मना सके इस संबंध में बिलासपुर जिले के पुलिस अधीक्षक आईपीएस रजनेश सिंह ने बताया कि अधिकारी थाना प्रभारी और सभी जवान दिन भर अपनी ड्यूटी दे रहे हैं ।किसी भी स्थान से अप्रिय घटना की खबर नहीं है । श्री सिंह ने शांतिप्रिय तरीके से होली संपन्न कराने पर अपने प्रिय और संवेदनशील अधिकारियों कर्मचारियों को शाबाशी दीशहर के विभिन्न इलाकों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस टीमों को तैनात किया गया था। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तत्परता दिखाई।एसपी बिलासपुर ने भी आमजनो से अपील की थी कि वे होली का आनंद शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में ले और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता लेने में संकोच न करें। बिलासपुर की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है और सभी नागरिकों को सुरक्षित होली का त्योहार मनाने की व्यवस्था देने संकल्पित है।

आदतन बदमाशों ने की महिलाओं से मारपीट, सिविल लाइन में जुर्म दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र मंगला धुरी पारा क्षेत्र में महिलाओं से मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है, जहाँ मामूली विवाद मे इलाके के आदतन बदमाशो न मोहल्ले मे उत्पात मचाते हुए महिलाओ और युवतियों के साथ जमकर मारपीट की।

इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमे बदमाश मारपीट और गाली गलौच करते साफ नजर आ रहे है..बदमाशो के आतंक से भयभीत महिलाओं ने जब इस मामले से सिविल लाइन पुलिस को अवगत कराया और सिविल लाइन थाने का घेराव किया। जब पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया, तो महिलाएं ट्रैक्टर में बैठकर सीधे एसपी कार्यालय पहुंच गईं और जमकर प्रदर्शन किया। घटना से आहत करीब दो दर्जन महिलाएं थाने पहुंचीं और आरोपी के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज करने की मांग की। लेकिन पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज करने के बजाय महिलाओं को थाने से खदेड़ दिया। इससे नाराज महिलाएं स्क्क ऑफिस पहुंचीं और वहां आधे घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया।एसपी आफिस मे प्रदर्शन और हंगामे की खबर लगने पर सिविल लाइन थाने से दो जवानों को एसपी कार्यालय भेजा गया, जिन्होंने प्रदर्शनकारी महिलाओं दबाब मे थाना से खदेडी गई महिलाओ को दोबारा सिविल लाइन थाने बुलाया। महिलाओं ने बताया कि पुलिस जवानों ने कहा कि ÷एसपी तुम्हारी समस्या का समाधान नहीं करेगा।÷ महिलाओं का कहना था कि टीआई द्वारा स्नढ्ढक्र दर्ज नहीं करने के कारण वे एसपी कार्यालय पहुंची थीं। महिलाओ का आरोप है की पुलिस ने दबाब मे आकर आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने से ही मुचलका पर रिहा कर दिया जिसके कारण वे डर के साये मे जीने को मजबूर है। महिलाओ का आरोप है की विजय ध्रूव , आदि सिंगरोल और उनके कुछ साथी आदतन बदमाश है और इनके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज है बावजूद उनके उसके पुलिस इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है जिसके चलते कभी भी यह बदमाश कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं द्य फिलहाल सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले मे दोनों पक्षो की शिकायत पर मामूली धाराओ के तहत मामला कर आरोपियों को मुचलके पर थाने से रिहा कर दिया ।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 9 साल की मासूम की मौत

कोटा/नवप्रदेश। ग्राम कुसुमखेड़ा में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही बाइक की चपेट में आने से कक्षा दूसरी में पढ़ने वाली 9 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई है। हादसे के बाद परिजनों ने बच्ची को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मृतिका कुमारी साक्षी पाव ग्राम लुफा में अपने पिता शिवमहराज पाव के साथ रहकर पढ़ाई कर रही थी। कुछ दिन पहले उसकी मां रामकली पाव उसे नाना के घर ग्राम कुसुमखेड़ा छोड़कर गई थी।

1 करोड़ 75 लाख की धोखाधड़ी, मास्टर माइंड भेजा गया जेल

- **आरोपी ने दूसरे की कीमती जमीन कूटरचना कर बेचा**

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर–सिविल लाईन पुलिस ने फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की धोखाधड़ी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी विकास मांझी ने 1 करोड 75 लाख रूपयों की धोखाधड़ी किया है।

पूछताछ और कूटरचित दस्तावेज बरामद करने के सथ ही आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है। आरोपी गीताजली बिहार का रहने वाला है। सिविल लाइन पुलिस ने अलका एवेन्यू उस्लापुर निवासी यतिन्द्र बर्मन ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी विकास मांझी अपने

साथियों के साथ मिलकर विजय लक्ष्मी शर्मा और रामेश्वर पांडेय के नाम से फर्जी जमीन का सौदा किया। आरोपी ने अमेरी पटवारी हल्का नम्बर . 43 गौरव पथ रिंग रोड़ 2 स्थित भूमि एक करोड़ 75 रूपयों में भेजा। जमीन का खसरा नं. 448/11/ग और 448/37/ग है। आरोपी ने फर्जीवाड़ा कर अमरचद बर्मन को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बेचा है। पीड़िता यतिन्द्र वर्मन ने बताया कि रूपयों की जरूरत पड़ने पर जमीन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश ग्राहक तलाश तलाश रहा था। इसी दौरान जानकारी मिली कि आरोपी ने जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच दिया है। मामले की जानकारी के बाद पुलिस कप्तान रजनेश सिंह ने तहकीकात के बाद आरोपियों को धरपकड़ का आदेश दिया। अतिरिक्त पुलिस कप्तान राजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि विवेचना के दौरान आरोपी विकास मांझी से मूल रजिस्ट्री के दस्तावेज ऋण पुस्तिका ,हस्ताक्षर के साथ ब्लैंक चेक बरामद किया गया। इसके अलवा विजय लक्ष्मी के नाम पर तैयार अन्य मूल दस्तावेज को जब्त किया गया। जांच पड़ताल के दौरान जानकारी मिली कि आरोपी ने फर्जीवाड़ा कर कूटरचित दस्तावेज तैयार किया।

मुख्य न्यायाधीश ने छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी में शिशुगृह का उद्घाटन किया

बच्चों की देखभाल, सुरक्षित, संरक्षित और पोषण पर जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायिक अधिकारियों, विशेषकर महिलाओं को सहायता प्रदान करने के लिए एक अभूतपूर्व पहल करते हुए, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आज छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी (सीएसजेए) में एक नए शिशुगृह का उद्घाटन किया। इस सुविधा का निर्माण न्यायिक अधिकारियों को उनके पेशेवर और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने में मदद करने वाले सुरक्षित और देखभाल करने वाले वातावरण प्रदान करने की मुख्य न्यायाधीश की प्रतिबद्धता को

रेखांकित करता है।सीएसजेए में संस्थागत प्रशिक्षण में भाग लेने वाली कई महिला न्यायिक अधिकारी अपने बच्चों को साथ लाती हैं, जो छात्रावास परिसर में अपनी माताओं के साथ रहते हैं। माता-पिता द्वारा उनके प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने के दौरान बच्चों के लिए एक सुरक्षित और पोषण करने वाले स्थान की इस आवश्यकता को समझते हुए, मुख्य न्यायाधीश ने परिसर में चाइल्डकेयर सुविधा होने के महत्व को स्वीकार किया।इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर सीएसजेए छात्रावास परिसर में एक पूरी तरह सुसज्जित शिशुगृह की स्थापना की गई है। क्रेच में सभी आवश्यक सामान उपलब्ध हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न्यायिक अधिकारियों के बच्चों की देखभाल सुरक्षित, संरक्षित और पोषण वाले वातावरण में की जा सके, जबकि उनके माता-पिता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हों।

दीदियों को कचरा प्रबंधन के संबंध में मिला प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। विकासखंड तखतपुर के ग्राम भरनी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता दीदियों को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में समूह की 11 दीदियों ने भाग लिया। दीदियों को कचरा प्रबंधन के संबंध में विस्तार से संपूर्ण जानकारी दी गई। अपने आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का जिम्मा ली जय माँ लक्ष्मी स्व सहायता समूह की स्वच्छता दीदीयों के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वछता प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में कचरा प्रबंधन की मुख्य प्रक्रिया कचरा पृथक्करण के विषय मे पहले विस्तार से समझाया गया। इसके पश्चात कितने प्रकार से कचरा पृथक करना है उसकी जानकारी दी गई। केंद्र में व्यवहारिक प्रशिक्षण समूह की दीदीयों द्वारा दिया गया जिसे स्वच्छता समूह की दीदीयों ने ध्यान पूर्वक सुना, समझा और सबसे पहले अपने ग्राम पंचायत को स्वच्छ करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत से श्रीमती करुणा, जसवंत जांगडे़, जनपद पंचायत तखतपुर, सरपंच भरनी और समूह की 11 दीदीयों ने प्रशिक्षण लिया।

रंगोत्सव प्रेस क्लब के फाग महोत्सव का आयोजन

धरम, लखन व सुशांत ने जमाया रंग, लहरिया सहित कांग्रेसियों ने भी लगाए ठुमके

बिलासपुर/नवप्रदेश। रंगों, संगीत और उल्लास से भरी शाम में जब कांग्रेस विधायक ने फाग की धुन छेड़ी, तो भाजपा के विधायक भी खुद को रोक नहीं पाए और झूमने लगे। बिलासपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित भव्य फाग महोत्सव में यह दृश्य देखने लायक था, जब राजनीतिक सीमाएं रंग और संगीत के जश्न में घुलती नजर आईं।

बिलासपुर और आसपास के जिलों से लगभग 15 फाग टोलिया ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया,जो दोपहर 2 बजे से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना शुरू किया जो शाम 6़30 बजे तक चला। इस दौरान निर्णायक मंडल में वरिष्ठ पत्रकार रूद्र अवस्थी, दिनेश दुबे और हरिप्रसाद सोनी शामिल रहे। फाग महोत्सव में विभिन्न मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। ढोल, मंजीरा, झाल और मृदंग की धुनों पर

राधा-कृष्ण की होली, ब्रज की रासलीला और फाग गीतों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। पारंपरिक फाग गीतों की गूंज से पूरा कार्यक्रम स्थल संगीतमय हो गया। कलाकारों ने अपनी सुमधुर गायकी और नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।वहीं फाग महोत्सव में बिल्हा विधायक्क धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया सहित अन्य अतिथि शामिल हुए।

फाग मंडलियों को किया सम्मानित

फाग महोत्सव के दौरान फाफ्र मंडलियों के बीच प्रतियोगिता में हर मंडली ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं। निर्णायकों ने गायन की शुद्धता, ताल–लय और प्रस्तुति के आधार पर मंडलियों का मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया। इसके बाद फाग प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार देवतरा की टीम को 21 हजार रुपए दिया गया। दूसरा पुरस्कार ठकुरिकापा 11 हजार, तीसरा महामाया फाफ्र मंडली 5100 और विशेष पुरस्कार धरमपुरा को 2100 रुपए के साथ सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया फ्रया।00 लोक संस्कृति को संजोने का प्रयास बिलासपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के कला प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली ने कहा कि वर्षों पुरानी इस परंपरा को उन्होंने जीवित रखने का प्रयास किया है। ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति को संरक्षित करने और लोक कलाकारों को प्रोत्साहन मिलता है।

■ न्यूज गैलरी

आईटीबीपी जवानों ने ग्रामीणों संग मनाई होली

खैरागढ़ /नवप्रदेश।। ब्लाक के वनांचल क्षेत्र कटेमा में स्थित आई टी बी पी कैम्प के जवानों ने कटेमा ग्रामवासियों के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया । कैम्प कमांडर श्याम भट्ट के आमंत्रण पर ग्रामीणों ने आई टी बी पी कैम्प पहुंच कर परम्परागत ढोल नगाड़े की धुन पर लोकगीतों से समा बाँध दिया । ग्रामीण शिवराम, श्याम लाल, माया राम, छगन, गणेश, शेर सिंह, बुद्धरू ने लोकगीत गाकर इस पर्व को और रोमांचक बना दिया । इस रंगोत्सव का शुभारंभ श्याम भट्ट द्वारा 40वीं वाहिनी के कमांडेंट अनंत नारायण दत्ता भेजे गये बधाई संदेश व शुभकामनाओं के साथ किया । श्याम भट्ट ने बताया कि 40वीं वाहिनी कमांडेंट अनंत नारायण दत्ता के कुशल मार्गदर्शन के फ्लस्वरुप नक्सल अभियान में सर्वोत्तम वाहिनी के रूप में चयनित हुई है जिसमें सभी हिमवीरों का अहम योगदान रहा है यह हमारी कार्यकुशलता को दर्शाता है और इसी कारण होली के इस पर्व का आनंद भी दोगुना हो गया है । इस अवसर पर ग्राम लछना सरपंच कमलेश वर्मा, ग्राम प्रतिनिधि तेज लाल, कटेमा के बुजुर्ग कार्तिक राम का स्वागत रंग लगाकर किया गया तथा मिष्ठान व अन्य व्यंजन भी परोसे गये । होली आमंत्रण पर नव निर्वाचित ग्राम सरपंच, जन प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया गया ।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में दादी हृदय मोहिनी की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई

गरियाबंद/नवप्रदेश।। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गरियाबंद में आज सादगी एवं सरलता की प्रतिमूर्ति दादी हृदय मोहिनी जी की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर माउंट आबू मधुबन से पधारे हुए बी के द्वारका भाई बीके कमलेश भाई बीके जीतू भाई का स्वागत सेंटर संचालिका बी के बिंदु बहन जी और गीता बहन जी के द्वारा किया गया।दादी के पुण्यतिथि पर मधुबन माउंट आबू से पधारे भाइयों द्वारा मुरली क्लास में मौजूद साधकों से अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया गया कि दादी गुलजार का जीवन सादगी, सरलता और पवित्रता से भरपूर था , वे मात्र 9 वर्ष की छोटी उम्र में समर्पित हो गई , उन्हें 9 वर्ष की छोटी आयु से ब्लड कैंसर था फिर भी वो किसी भी सेवा कार्य से पीछे नहीं हटी ।उनका जीवन बहुत त्याग तपस्या और समर्पण से भरपूर था , हम सबको उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके लिए सच्ची पुण्यतिथि मनाना होगा।

विदाई समारोह आयोजित

कवर्धा/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक पिपरिया कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा कक्षा 6वी तथा 7वीं के विघार्थियों द्वारा*विदाई समारोह* कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6वी तथा 7वीं के विघार्थियों द्वारा सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं का फूल गुलदस्ता से स्वागत किया गया। इस अवसर पर एच एम श्री मती संयोगिता सोनी शिक्षिका द्वारा न्योता भोजन में सभी विघार्थियों को जलेबी दिया गया। कक्षा 8वीं से कु.साधना साहू ने अपने छोटे भाई बहन को पढ़ाई-लिखाई करने में और अपने आगामी भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा 8वीं से कु. रोशनी साहू ने कहा कि हम पढ़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और पढ़ाई के महत्व को बताया। कक्षा 7वीं से जिगर चौहान ने कहा कि मेरे बड़े भाई बहन आप सभी इस वर्ष बोर्ड परीक्षा मे शामिल होने पर बधाई देते हुए अच्छे अंक प्राप्त कर हमारे विघालय का नाम रोशन करें, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस विदाई समारोह में कक्षा 8वीं के सभी विघार्थियों को स्वल्पाहार में जलेबी टिकिया,मिक्चर तथा एक पेन देकर सम्मानित किया । उक्त कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने किया ।

सीताफल आईसक्रीम बनाने प्रशिक्षण आयोजित

कांकेर/नवप्रदेश। बुधवार को शासकीय रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिगारभाट कांकेर में आत्मा योजनान्तर्गत कृषक अभिरुचि समुह/क्षमता निर्माण एवं कौशल विकास के उददेश्य से सीताफ्ल पल्प से सीताफ्ल आईसक्रीम बनाने विधि में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें श्री डा.पी.एस. मरकाम उद्यानशात्र प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय कांकेर द्वारा सीताफ्ल पल्प से सीताफ्ल आईसक्रीम बनाने के विधि को विस्तारपूर्वक बताया गया।जिससे समुह के सदस्यों द्वारा सीताफ्ल पल्प का मुल्य संवर्धन कर आय में बढोत्तरी कर आथिर्क स्थिति में सुधार किया जा सकता है,जिसमें ग्राम किसनपुरी कोसुमपानी लिलवापहार विकासखंड नरहरपुर के समुहों के सदस्य उपस्थित हैं रहे।सीताफ्ल आईसक्रीम बनाने के लिए आवश्यक समाग्री इस प्रकार सीताफ्ल पल्प -2 द्मद्द वीप क्रीम-v kg Milk cunten y®®g.milk power - z®g.दही मथनी मशीन --1 नग क्रीम कैप - 50 नग.चम्मच- 50 नग की विधि से बहुत स्वादिष आइस्क्रीम बनाई जा सकती है।

कैलाशनगर में धूमधाम से हुआ होलिका दहन, दी बधाई

■ होलिका दहन देखने एवं पूजा में शामिल होने बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे वार्डवासी.

■ होलिका दहन पश्चात सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की दी शुभकामनाएं

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बुराई पर अच्छाई की जीत एवं अनेकता में एकता को दर्शाता प्रेम, सदभाव एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक का पर्व होलिका दहन कैलाश नगर में धुमधाम के साथ मनाया गया। पर्व के खास मौके पर गुरूवार 13 मार्च को नगर के वार्ड नंबर 15 में अनिल बंजारा किराना चौक पर स्थित रिक्त भूमि पर पहली बार होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसे लेकर वार्डवासियों में खासा उत्साह देखा गया। होलिका दहन पर्व के मद्देनजर कैलाशनगर के रहवासियों ने उक्त स्थल की साफसफाई पूर्व में ही करवा लिया था। होलिका दहन के दिन युवा टीम मिलजुलकर सबके सहयोग से होलिका दहन की तैयारी में जुट गए थे। होलिका दहन स्थल को तोरण आदि से सजाया गया। लाईटिंग एवं साउंड सिस्टम की व्यवस्था की गई थी। होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल होने एवं कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में केवल कैलाशनगर वार्ड के रहवासी ही नहीं बल्कि अन्य वार्डों के लोग भी पहली बार आयोजित हो रहे होलिका दहन के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। रात्रि 11:30 बजे शुभ मुहूर्त के शुरू होते ही पंडित विजय पाणीग्राही ने मन्त्रोचार आरंभ किया जिसके बाद महिलाओं ने एवं अन्य भक्तगणो ने धूप, दीप, नैवेद्य जलाकर होलिका की पूजा की और जैसे ही होलिका जली उसके चारों ओर परिक्रमा कर लोगों ने अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना करते धूमधाम के साथ होलिका दहन पूजन किया। होलिका दहन पूजन उपरांत सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद सभी लोगों ने एक दूसरे पर सूखा रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शामिल होने नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद पंकज राजा शर्मा भी उपस्थित हुए थे। शर्मा ने भी इस अवसर पर सभी वार्डवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनांए दी। होलिका दहन पश्चात देर रात तक युवा होली रिमिक्स गाने पर नाचते थिरकते होली की मस्ती में सराबोर होते रहे। कार्यक्रम की तैयारी में सबसे ज्यादा मेहनत वार्ड के युवा गुडडा नाग ने की उनके अथक प्रयास एवं मेहनत के चलते ही कैलाशनगर में पहली बार इतने भव्य होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन संभव हो पाया। इसके लिए सभी वार्डवासियों ने गुडडा नाग की भूरि भूरि प्रशंसा भी की।

विधायक चैतराम अटामी ने फागुन मंडई 2025 के विदाई में पहुंचे देवी देवताओं के दर्शन किए

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। फागुन मंडई(मेला) 2025 के अंतिम दिन विदाई के दौरान क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी पहुंचे विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे भक्तों से मुलाकात किया एवं आमंत्रित देवी देवताओ के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली,सुख एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम,जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग,जनपद सदस्य रामु नेताम एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

बोर खुदाई के नाम पर ठगी, उपभोक्ता आयोग ने फरियादी को दिलाया न्याय



काँकेर/नवप्रदेश। समस्त बस्तर के सात जिलों में बोरिंग सर्विस कंपनियों की बाढ़ आई हुई है लेकिन दुख की बात है कि इनमें से अधिकतर अपने ग्राहकों को उचित सेवा में कमी के उदाहरण ही प्रस्तुत कर रही हैं। ऐसा ही एक मामला (विश्व उपभोक्ता दिवस के परिप्रेक्ष्य में) भानुप्रतापपुर क्षेत्र से चंद्रकांति नुरेटी विरुद्ध बस्तर बोरवेल्स का , सामने आया है जिसमें उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग उत्तर बस्तर काँकेर द्वारा उपभोक्ता को न्याय दिलाया गया है। ग्राम भीरागांव तहसील भानु प्रतापपुर की महिला पुलिस चंद्रकांति पिता स्वर्गीय बहादुर सिंह द्वारा अपने मकान निर्माण एवं घरेलू उपयोग हेतु बोर करवाने बस्तर बोरवेल्स से संपर्क किया गया था, जिसमें सारा काम कर देने का वादा करते हुए बस्तर बोरवेल्स के संचालक ने डीज़ल के लिए 30,000 की मांग की जो पूरी की गई । तब विरोधी पक्ष द्वारा 11 जनवरी 2024 को बोर गाड़ी लाकर खनन किया गया तथा दूसरे दिन फोन के माध्यम से सूचित किया गया कि 135 फीट गहरा बोर खनन किया गया है ,पानी पर्याप्त आएगा ,बताते हुए एक लाख रुपये और देने की मांग की गई ,जिसका भुगतान चंद्रकांति द्वारा 13 जनवरी 2024 को कर दिया गया और बिल की मांग की गई। इस पर बस्तर बोरवेल्स ने टालमटोल किया और खुद बिल न देकर रजा बोरवेल्स के संचालक विरोधी पक्ष क्रमांक 2 के द्वारा बिल क्रमांक 143 अंकित राशि 1,30,000 / प्रदान किए गए। फरियादी द्वारा, पानी कितना है, जांचने के उद्देश्य से मोटर पंप सबमर्सिबल डाला गया ,तो मोटर पंप 100 फीट से ज्यादा गहराई में नहीं जा रहा था और पानी भी नहीं आ रहा था। यह बात

फ़रियादी द्वारा विरोधी पक्ष क्रमांक एक को बताई गई तो उसने कहा कि उसकी सासू मां का निधन हो गया है , मैं कुछ दिनों में आकर देखता हूं और नहीं होगा तो अपना केसिंग पाइप निकाल लूंगा और अपना खर्च काट कर आपका पैसा वापस कर दूंगा। ऐसा कहने पर फ़रियादी द्वारा अन्य व्यक्ति से बोर खनन करवा लिया गया। इसके पश्चात फ़रियादी द्वारा विरोधी पक्ष से भुगतान की गई राशि वापस करने का बार-बार अनुरोध करने पर भी ना उन्होंने पैसा वापस दिया और ना आज तक अपना केसिंग पाइप निकाल कर वापस लिए। फ़रियादी द्वारा पुलिस थाना भानुप्रतापपुर में घटना की शिकायत करने पर विरोधी पक्ष को नोटिस विधिवत भेजा गया , जिसका विरोधी पक्ष द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से जवाब दिया गया ,जो संतोषजनक नहीं रहा इससे व्यथित होकर फ़रियादी ने जिला उपभोक्ता आयोग में गुहार लगाई जहां समस्त तथ्यों , सबूतों एवं कागज़ात का सूक्ष्मता पूर्वक निरीक्षण अध्ययन करने के पश्चात उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल तथा माननीय सदस्य डाकेश्वर सोनीजी द्वारा निर्णय दिया गया।

जिसमें बोरवेल्स द्वारा सेवा में कमी तथा व्यावसायिक कदाचरण का दोष सिद्ध पाया गया । फ़ैसले के अनुसार बोरवेल्स को अपनी उपभोक्ता चंद्रकांति नुरेटी को 1,10,800 /तथा उस पर मुक़दमा प्रस्तुति दिनांक 11 जून 2024 से संपूर्ण रकम अदाएगी तक 7त्न वार्षिक की दर से ब्याज एक माह के भीतर प्रदान करना होगा। इसमें देर होने पर ब्याज की दर 9प्रतिशत कर दी जाएगी। विरोधी पक्ष क्रमांक एक तथा दो फ़रियादी को हुई मानसिक पीड़ा एवं परेशानी के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि 5,000/ प्रत्येक , कुल 10,000/ आदेश दिनांक से एक माह के भीतर प्रदान करेंगे। मुक़दमे का खर्च 3,000/ विरोधी पक्ष क्रमांक एक द्वारा वहन किया जाएगा। 15 मार्च अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपर्युक्त फ़ैसले का महत्व बढ़ जाता है, जिसकी प्रशंसा सारे ज़िले में की जा रही है।

महिला दिवस पर हॉस्पिटल में विशेष कार्यक्रम आयोजित

उतई। महिमा हॉस्पिटल उतई में महिला दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुभारंभ संचालक डॉक्टर टी.आर. कुसुम यादव द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में डॉक्टर मोनी दीपाशाह स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉक्टर भुनेश्वरी देवांगन चर्म रोग विशेषज्ञ , डॉक्टर लता देवांगन रेडियोलॉजिस्ट, डॉ संभवी फिजियोथैरेपिस्ट एडमिन डिपार्टमेंट- मंजू मंडल ,चंचल साहू ,शिवानी मंडल,स्टाफ नर्स चंपेश्वरी साहू, महेश्वरी , क्षमा साहू, वर्षा वर्मा, किरण धनकर , कमलेश्वरी यादव ,दिव्या साहू, राजेश्वरी,प्रियंका, सपना यादव, नेहा नारंग ,कम्लेश्वरी यादव,पायल साहू, रेणुका चंद्राकर ,बेन कुमारी यादव, वर्षा जंघेल, नेहा चौधरी, प्रिया धनकर , नीता देवांगन, सत्यायादव रमा वर्मा ,चमेली साहू उपस्थित थे ।सभी डॉक्टर को स्मृति चिन्ह तथा सभी नर्सिंग स्टाफ को उपहार दिया गया तथा महिला को अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया

मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के नाम से कोई योजना संचालित नहीं : जिला कार्यक्रम अधिकारी

कांकेर/नवप्रदेश। सोशल मीडिया व अन्य संचार माध्यमों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के नाम से योजना संचालित होने की भ्रमक जानकारी फैलायी जा रही रही है, जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के माता पिता की मृत्यु 01 मार्च 2020 के बाद होने की स्थिति में ऐसे परिवारों के दो बच्चों को मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के नाम से प्रतिमाह 4 हजार रुपये के मान से सहायता राशि प्रदान किये जाने की भ्रामक, झूठी जानकारी दी जा रही है।

पैराडाइज स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों ने खेली होली

■ बच्चों ने उत्सहपूर्वक एक दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और एकता का संदेश दिया

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा प्रेम एकता व भाई-चारे का प्रतीक 'होली'पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्यार भरे रंगों से सजा इस महोत्सव पर गीत, डांस करते हुये शिक्षकों एवं बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाते हुये होली की खुशिया मनाई।

पैराडाइज स्कूल विभिन्न अवसरों पर बच्चों को न केवल शैक्षणिक शिक्षा प्रदान करता है साथ ही साथ हर अवसर पर संस्कृति एवं सामाजिक जीवन के लिये भारतीय संस्कृति को अपनाने एवं आदर्श जीवन जीने तथा अपने संस्कृति को जीवन्त करने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता है।प्राचार्य रश्मि रजक ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक तथा पालकों को होली की शुभकामनाएं देते हुये छात्रों को उत्साह पूर्वक और सावधानी से होली एवं रंग पंचमी मनाने की सलाह दी है ताकि वर्तमान में चल रहें वार्षिक परीक्षा में हमारा स्वास्थ्य खराब न हो। हमारा जीवन एवं समुदाय भी विभिन्न सुन्दर रंगों की तरह है होली का त्योहार हमें एकता एवं प्रेम के साथ रहना सीखाता है। प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, दीपांजली गोगोई, पवित्र बराई, रूबी खान, वर्षा रामानी, शबाना परवीन, एस.मर्सी, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, उज्जवल निर्मलकर, रीया सोनी, शांति लीना नेताम, शिखा मेहरा, रचना शर्मा, तुलसी निषाद, अपूर्वा ठाकुर, रामेश्वरी साहू, सुकदेव सरकार, पार्वती गजबल्ला, सलमा खान, पेकटेंश रिंकी सेठी, देवश्री साहू संतोष ठाकुर यमुना बिलोधिया, प्रियंका श्रीवास्तव, निशा जायसवाल, आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कांग्रेस ने दिखाई गजब की एकता, पुतला दहनकर्ता ने स्थगित किया कार्यक्रम

उतई/नवप्रदेश। दूर्ग ब्लाक के ग्राम खोपली निवासी दिनेश् देशलहरे ने पुलिस को आवेदन किया था की वे 12 मार्च की सन्ध्या 5 बजे मिनी माता चौक उतई में केशव बंटी हरमुख के द्वारा सतनामी समाज के अपमान किये जाने के कारण उनके पुतला दहन का कार्यक्रम तय था।लेकिन अचानक दिनेश देसलहरे ने पुतला दहन का कार्यक्रम लिखीत् सूचना देकर स्थगित कर दिया।जिसमे लिखा की होली पर्व के मद्देनजर सांति ब्यवस्था हेतु यह कार्यक्रम स्थगित किया जाता है। बुधवार की सन्ध्या 5 बजे मिनी माता चौक पर स्वयम केशव बंटी हरमुख अपनी गलती को पुछने मिनी माता चौक पर सैकड़ो कांग्रेसियों के साथ पहुचे। उन्होंने नायब तहसीलदार श्रीमतीं क्षमा यदु को ज्ञापन सौंपकर दिनेश देलहरे के खिलाफ कार्यवाही व उनके द्वारा माँफि मांगे जाने की माँग की।इस अवसर पर मिनी माता चौक उतई में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशव बंटी हरमुख,

नगर पंचायत उतई के पूर्व अध्यक्ष डिकेंन्द्र हिरवानी, जनपद पँचायत दूर्ग के उपाध्यक्ष राकेस हिरवानी ,जनपद सदस्य झमीत् ग़ायकवाड,, नगर पंचायत उतई के पार्षद राकेश साहु, द्वारिका साहु, रमसीला नेताम,ग्राम पंचायत डुमरडीह के युवा सरपंच धर्मेंद बजारे, नगर निगम रिसाली के पार्षद रोहित धनकर, नन्द कुमार सेन, ज्ञानेश्वर विक्की मिश्रा, रिवेंद्र यादव,जामवंत गजपाल सहित् अन्य सेकड़ो कांग्रेसी उपस्तित थे ,

> दोनो पक्षो को समझाइस देकर होली पर्व के सांति ब्यवस्था हेतु पुतला दहन जैसे कार्यक्रम को स्थगित करवाया गया -
>
> **क्षमा यदु**
> **नायब तहसीलदार दुर्ग**

आदिवासी युवाओं ने सीखा डिजिटल और सोशल मीडिया के गुर

कांकेर/नवप्रदेश। आदिवासी लाइव्स मैटर (ए.एल.एम.) ने आदिवासी आवाज़ डिजिटल स्टोरीटेलिंग प्रशिक्षण का आयोजन 10 से 12 मार्च तक लाख ट्रेनिंग सेंटर, माकड़ी-खूना में आयोजित किया। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम आदिवासी युवाओं को फोटोग्राफी वीडियोग्राफी लेखन सोशल मीडिया प्रबंधन और कंटेंट डिज़ाइन जैसे कौशल सिखाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। झारखंड से प्रशिक्षक आशीष बिरूली और नितीश महतो ने डिजिटल कंटेंट निर्माण पर सत्र लिए, जिसमें आदिवासी पहचान, भाषा और संस्कृति के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया, साथ ही सामाजिक मुद्दों को उजागर करने पर भी चर्चा हुई। उक्त प्रशिक्षण में लगभग 30 आदिवासी युवाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. अजय मंडावी ने युवाओं को लेखन के महत्व और शब्दों की शक्ति पर संबोधित किया। अतिथि प्रशिक्षक स्थानीय पत्रकारो ने बस्तर में पत्रकारिता के महत्व पर सत्र लिया। सामाजिक कार्यकर्ता संदीप सलाम ने भी प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और उन्हें डिजिटल और सोशल मीडिया का सही उपयोग कर आदिवासी अधिकारों की जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर ने बैठक लेकर दिए आवश्यक तैयारियों के निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत् जिले में रविवार 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के शिक्षार्थियों को सम्मिलित कराया जाना है, जो शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। कलेक्टर एवं साक्षरता कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उक्त परीक्षा के सफ्ल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा सभी असाक्षरों को उक्त अभियान से जोड़कर उन्हें महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में उपस्थित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारियों (नोडल) एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयकों को बताया गया कि जिले में कुल 18 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का निर्देश राज्य कार्यालय के द्वारा दिया गया है। इसके लिए जिले में कुल 602 परीक्षा केन्द्र तथा केन्द्राध्यक्ष बनाए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विकासखण्ड के शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शिक्षार्थी इस परीक्षा से वंचित न रहे। साथ ही किसी तरह की नकल न हो इस पर विशेष रूप से ध्यान दें। इसके अलावा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं जिन्होंने स्वयंसेवी शिक्षक रूप में सेवा दी हैं, उनके द्वारा टैग किये गये शिक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से इस परीक्षा में सम्मिलित किया जाये, ताकि उस बच्चे को 10 अंक बोनस के रूप में मिल सके।जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि परीक्षा केन्द्र में शिक्षार्थियों के लिये पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था हो।

शिक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र व समय की जानकारी अनिवार्य रूप से विभिन्न माध्यमों से प्रदान की जाये। जिला परियोजना अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशों को विस्तार से परीक्षा संबंधी जानकारी सभी ब्लाक के अधिकारियों को दी गई।

न्यूज गैलरी

कैंसर पीड़ित मरीज प्रभुलाल को रेडक्रॉस से मिली आर्थिक सहायता

गरियाबंद । कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आर्थिक सहायता के लिए प्राप्त आवेदन को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करते हुए रेडक्रॉस के माध्यम से जरूरी सहायता प्रदान की है। उन्होंने उमेन्द्र कुमार को आज रेडक्रॉस की ओर से 10 हजार रूपये का चेक सौपा। उमेन्द्र कुमार ने अपने कैंसर पीड़ित पिता श्री प्रभुलाल के ईलाज के चलते गरीबी हालात एवं कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण जरूरी आर्थिक सहायता प्रदान करने कलेक्टर से निवेदन किया था। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उमेन्द्र की आवेदन को तत्परता से संज्ञान में लेते हुए रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश सीएमएचओ को दिये थे। तत्पश्चात रेडक्रॉस फंड से उन्हें आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। इस पर उमेन्द्र ने खुशी जताते हुए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आर्थिक सहायता से उनके पिता के स्वास्थ्यगत देखभाल एवं आवश्यक दवाइयों की खरीदी में सहायक होगी। जिससे उनका स्वास्थ्य उनका बेहतर होगा। इस दौरान डॉ. गॉर्गी यदु पाल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद एवं डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े मौजूद रहे।

होली पर दर्दनाक हादसे में युवक की मौत

खैरागढ़ । होली पर्व के दौरान दोस्तों के साथ बाइक से निकले युवक की सडक़ हादसे मे दर्दनाक मौत हो गई । घटना ब्लाक के धनगांव बिड़ौरी मार्ग की है । होली पर्व के दौरान शुक्रवार को कामठा निवासी उमाशंकर विश्वकर्मा 18 वर्ष अपने दोस्तो के साथ होली मनाकर बाइक में घुम रहा था । इसी दौरान धनगांव बिड़ौरी मार्ग स्थित पुल पर उमाशंकर की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई । पीछे आ रहे दोस्तों की बाइक भी इस दौरान उसी बाइक से जा टकराई । जिसके बाद उमाशंकर को गंभीर चोट के चलते आनन फानन में सिविल अस्पताल पहुँचाया गया । जहाँ जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । कामठा निवासी मृतक उमाशंकर का शव देरशाम होने के चलते शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौंपा गया । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के पत्रकारों का किया सम्मान

गरियाबंद । आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों का सम्मान एवं होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त पत्रकारों को श्रीफल एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के पत्रकार साथी लोकसभा निर्वाचन, राजिम मेला एवं पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान सूचनाओं के बेहतर संचार एवं सही जानकारियों को लोगों तक पहुंचाने में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए जनमानस तक सही खबरों की पहुंच सुनिश्चित की। साथ ही राजिम मेला के दौरान राज्य शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित भव्य आयोजन का भी बेहतर प्रचार-प्रसार किया। कलेक्टर ने मीडिया के प्रतिनिधियों को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए आभार जताया। साथ ही सभी का सम्मान किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल की मौजूदगी में आयोजित सम्मान समारोह में पत्रकारों के सम्मान के लिए मीडिया प्रतिनिधियों ने भी कलेक्टर श्री अग्रवाल का आभार जताया। इस दौरान अपर कलेक्टर नवीन भगत, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित जिले के मीडिया प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

कट्टाहा नवागांव में पांचवीं के छात्रों को दी गई विदाई

खैरागढ़ । ब्लाक के कटटहा नवांगांव स्थित प्राशा मे पांचवी मे अध्ययनरत छात्रछात्राओ को बिदाई समारोह का आयोजन कर बिदाई दी गई । कार्यक्रम नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों पार्वती यादव पंच, रेशमी सूर्यवंशी,चेतन चतुर्वेदी की उपस्थिति में सम्पन्न हूआ । शाला के प्रधान पाठक रामलाल साहू ने पांचवी के छात्रछात्राओ का मूंह मीठा कर ग्रुप फोटो फ्रेमिंग,पेंन पेंसिल के साथ उपहार स्वरूप भेंट किया । ताकि बच्चे अपने सहपाठियों के साथ शिक्षको के भी फोटो चित्र को रख सके । कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सभी प्रतिनिधियों का रंग गुलाल से स्वागत कर शाला परिवार के साथ होली रंगोत्सव मनाया । कार्यक्रम मे उपस्थिति अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी । सहायक शिक्षक नीलम वर्मा ने बच्चों से आगे की पढ़ाई अच्छी तरह करके अपने शाला, शिक्षक एवं मां बाप की नाम रोशन कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

शांति और सौहार्द्र के साथ मनी होली, गुलाल लगाकर दी बधाई

■ मुहुर्त में हुआ होलिका दहन

■ चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस के चलते कोई दुर्घटना नहीं, बच्चे,जवान, बुजुर्गो सहित महिलाओं ने भी खेली जमकर होली

खैरागढ़/ नवप्रदेश।। जिला पुलिस की मुस्तैदी के चलते जिले भर मे होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मना । शहर मे भी चप्पे चप्पे पर तैनात रही पुलिस की टीम ने कोई दुर्घटना और अप्रिय वारदात नहीं होने दी । शहर के हर इलाके में होली पर्व पर लोगों ने एक दुसरे को बधाई देकर रंग गुलाल लगाकर होली पर्व मनाया । इस दौरान हर वर्ग बच्चे, जवान, बुजर्ग और महिलाओं ने भी होली के परपंरागत पर्व पर जमकर होली मनाई । इससे पहले गूरूवार देरात तक शहर के विभिन्न इलाकों में होलिका दहन संपन्न किया गया । इस दौरान भी पुलिस और प्रशासन की चुस्त और दुरूस्त व्यवस्था ने पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी ।

हर वर्ग ने मनाई उत्साह की होली- होली पर्व पर शहर रंग से सराबोर रहा । हर मोहल्ले मे जगह जगह लोगो ने जमकर होली मनाई, गुलाल उड़ाई । इस दौरान एक दूसरे के घर जाकर रंगपर्व की बधाई का सिलसिला दिनभर चलता रहा । बच्चो मे होली पर्व को लेकर गजब का उत्साह रहा । सुबह से निकली बच्चों की टोली इस दौरान रंगो से लबरेज रहा । महिला वर्ग भी इस बार होली पर्व पर उत्साहित नजर आई । शहर मे घरो, इलाको, गलियों मे जमकर होली की खुशियां बिखरी । जवानो और बुजुर्गो ने भी एक दूसरे को रंगपर्व पर रंग और गुलाल लगाकर बधाई दी और पर्व का मजा लिया ।

देरात हुआ होलिका दहन- गुरूवार को होलिका दहन के दौरान भद्रा होने के चलते इस बार होलिका दहन शुभमुहुर्त मे देररात तक चला । देररात साढ़े 11 बजे के बाद होलिका दहन का मुहूर्त होने के चलते इस बार होलिका दहन देरी से किया गया । शुभ मुहुर्त शुरू होने के बाद दहन के लिए तैयार रखी गई होलिका का पूजन पश्चात दहन किया गया । इस दौरान बड़ी संख्या मे समिति के सदस्य और नागरिक जगह जगह होलिका दहन मे जूटे और होलिका दहन के बाद एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगपर्व के शुरूआत की बधाई दी ।

चप्पे चप्पे पर तैनात रहीं पुलिस, शांति और सौहार्द्र के साथ मना पर्व- होली पर्व पर शांति और सौहाद्र बनाए रखने इस बार पुलिस ने अतिरिक्त व्यवस्था बनाई थी । शहर के हर चौक चौराहो, गलियों मुख्य पाइंटो पर पुलिस जवानो की अतिरिक्त तैनाती की गई थी । पुलिस सहित प्रशासन के आला अधिकारियों ने पेट्रोलिंग के जरिए सुरक्षा की कमान खुद संभाली थी । चौक चौराहो पर तीन सवारी वाहन चालन, नशे में वाहन चलाने सहित यातायात नियमो का पालन नही करने वालो पर भी कार्यवाही के लिए अतिरिक्त व्यवस्था बनाई गई थी । जिसके चलते भी लोग होलिका दहन से लेकर होली पर्व तक नियमो का पालन करते नजर आए ।

पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के कारण पूरे जिले में होली पर कहीं नहीं हुई अप्रिय घटना

■ शराब पीकर और तीन सवारी चलने वाले 217 वाहन किए गए जब्त

भाटापारा/ नवप्रदेश।। पूरे जिले में होलिका दहन एवं रंगों का त्यौहार हर्षोल्लास एवं शांति पूर्वक मनाया गया।। होलिका दहन एवं होली पर्व के दिन पुलिस टीम की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते बलोदा बाजार भाटापारा जिले में कोई बड़ी घटना वारदात नहीं हुई।इस दौरान पुलिस ने चेकिंग के दौरान कुल 217 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए उनके वाहन जप्त किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर होली पर्व के त्यौहार के पूर्व जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय,सुझाव,सलाह का असर देखने को मिला, जहा जिले में कही से भी कोई बड़े अपराध की सूचना नहीं मिली।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा चेकिंग कर शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले और दोपहिया वाहन में तीन सवारी करने वाले लोगों के वाहन जप्त किए गए है।* इन वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके सांथ ही शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के प्रकरण माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त इस अभियान में वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन की भी कार्रवाई की जा रही है।*

जानकारी अनुसार जिले में होलिका दहन एवं होली पर्व के दौरान तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले, दोपहिया वाहन में तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने एवं हुडदंग मचाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग कर धरपकड़ के लिए संपूर्ण जिले में चेकिंग अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग पॉइंट तथा 06 महत्वपूर्ण स्थान में नाकाबंदी चेकिंग पॉइंट लगाया गया।* इसके अतिरिक्त संपूर्ण जिले में आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने एवं लगातार चेकिंग अभियान हेतु 24 महत्वपूर्ण स्थानों का चिन्हांकन कर फिक्स पैकेट के रूप में पुलिस बल लगाया गया था।जिले में 26 महत्वपूर्ण स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध एवं समुचित चेकिंग कार्रवाई हेतु फिक्स पिकेट लगाया गया था।

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिले में शांति पूर्वक

होली पर्व शांति पूर्व मना

भाटापारा। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में हर्ष उल्लास एवं शांति पूर्वक होली त्यौहार मनाया गया। प्रेम, स्नेह, प्यार एवं भाईचारा का त्योहार होली अंचल के कोदवा, कोनी, बंजर, गुडाघाट,फरहद,खपरी, भोथीडीह, निपानिया, सेमराडीह,सिंगारपुर में होली का त्योहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया ।ग्रामीण अंचलों में बच्चों की टोलिया भी रंगों के इस त्योहार में जमकर रंग बरसाया। लोगों ने गिले शिकवे भुलकर एक दूसरों में मिलकर प्रेम स्नेह एवं भाईचारा का तिलक लगाकर एक दूसरे को गले लगाकर बधाई एवं शुभकामना दी।

शहर के प्रत्येक घर में पानी पहुंचाने की जवाबदारी हमारी: अश्वनी शर्मा

■ नपा अध्यक्ष ने वार्डों में पानी की समस्या का लिया जायज़ा

भाटापारा/ नवप्रदेश। शहर में जल संकट को लेकर महिलाओं ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से मुलाकात की । वार्ड की महिलाओं की शिकायत को ध्यान में रखते हुए पालिका अध्यक्ष ने अगले दिन सुबह स्वयं ही संबंधित वार्डों में जाकर वहा की स्थिति का जायजा लेते हुए वहां शीघ्र ही पानी की समस्या का निराकरण करने सभी आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि किसी को भी पानी के लिए परेशान न होना पड़े। ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि शहर में हर घर में पानी पहुंचे।

शहर के अनेक वार्डों में जल संकट को लेकर महिलाओं का समूह नगर पालिका कार्यालय पहुंचा । महिलाओं के नगर पालिका कार्यालय पहुंचने की जानकारी मिलने पर नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा उनसे उनकी समस्या जानी।

इस दौरान महिलाओं ने बताया कि उनके वार्ड में पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। कई घरों में अब तक नल कनेक्शन तक नहीं लग पाए हैं। यह सुन नपा अध्यक्ष श्री शर्मा स्वयं द्रवित हो उठे, उन्होंने महिलाओं की आश्वस्त करते हुए वापस भेजा।

समस्या का यथाशीघ्र निदान करने की बात ध्यान में रख अगले दिन सुबह ही नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, वार्ड पार्षदों और पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ शहर के प्रभावित वार्डों में पहुंचे। उन्होंने वार्ड में पानी की समस्या को देखते हुए तुरंत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द-से-जल्द इस समस्या का समाधान होगा।

डॉ. रमन सिंह ने परिवार समेत अपने ग़ृह नगर कवर्धा में मनाई होली

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह वर्षों से चली आ रही अपनी परंपरा को निभाते हुए इस बार भी अपने गृह जिले कवर्धा पहुंचे और परिवार व साथियों के साथ रंगों का त्योहार धूमधाम से मनाया। डॉ. सिंह ने परंपरागत रूप से पहले होलिका दहन किया और फिर रंग-गुलाल के साथ होली खेली। इस दौरान सांसद श्री संतोष पांडेय तथा उनके सुपुत्र एवं पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, श्री राजेंद्र चन्द्रवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गांधी मैदान में हुआ होली मिलन, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने दी बधाई

रंग पर्व के दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने निजी निवास के सामने स्थित गांधी मैदान में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. सिंह को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडेय ने भी इस आयोजन में विशेष रूप से हिस्सा लिया। अपने चिर-परिचित अंदाज में उन्होंने ढोल-नगाड़ों की धुन पर होली गीत गाए और समां बांध दिया। उनके साथ मौजूद जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने भी इस उल्लास में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने आमजन से मिलकर होली की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी को आपसी मेल-जोल और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर भी है। यह पर्व हमे प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने की सीख देता है। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की समृद्धि और विकास में योगदान दें, यही इस पर्व की सच्ची भावना है।

हर साल निभा रहे परंपरा, मुख्यमंत्री रहते भी मनाई होली

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह हर वर्ष अपने गृह जिले कवर्धा में होली मनाते हैं। जब वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे, तब भी वे अपने इस रीति-रिवाज को निभाने के लिए कवर्धा आते रहे। यह परंपरा लगातार 22 वर्षों से चली आ रही है, जिसमें वे अपने परिवार, साथियों और जिले के लोगों के साथ होली के रंगों में सराबोर होते हैं।

सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्रवंशी, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इसके अलावा, पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, श्री राम कुमार भट्ट, श्री जसविंदर सिंह बग्गा, श्री अनिल ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य डॉ. वीरेंद्र साहू, श्री गोपाल साहू, श्री गणेश तिवारी सहित कबीरधाम जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण ने डॉ. सिंह से भेंट कर होली की शुभकामनाएँ दीं।

रंगों में सराबोर हुआ कवर्धा, उल्लास से गूँजा माहौल: कवर्धा में इस बार की होली भी हर साल की तरह उत्साह, उमंग और भाईचारे के लिए खास थी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सान्निध्य में जिलेवासियों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया।

शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

खैरागढ़/ नवप्रदेश। । मोदी की गारंटी और प्रदेश सरकार के बजट मे पंचायत सचिवो के शासकीय करण की मांग को पूरा नही किए जाने को लेकर पंचायत सचिव संघ कल 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएगा । पंचायत सचिव संघ के प्रदेश इकाई के आव्हान पर सचिव संघ खैरागढ़ ने भी इसकी जानकारी और ज्ञापन प्रशासन को सौंपा है । ब्लाक पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष जोगेश्वर धनगर सहित पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने विधानसभा चुनावी एजेड़े और संकल्प पत्र मे प्रदेश भर के पंचायत सचिवों के शासकीयकरण किए जाने की मांग को शामिल किया था । सरकार बनने के बाद पहले बजट मे इसकी घोषणा नही हो पाई थी । लेकिन इस बार के बजट मे पंचायत सचिव संघ को पंचायत सचिवो के शासकीय करण की मांग को लेकर बजट मे घोषणा होने की उम्मीद थी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय फोन/फैक्स नम्बर- 07857-231762, 230261 /ईमेल :-cmobch@rediffmail.com

क्रमांक/3257/ तक. शा./न.पा.प./2025 बड़ेबचेली, दिनाँक :-/13/03/2025

// संशोधित निविदा आमंत्रण सूचना (मैनुअल)//

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी से पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मो से अधोसंरचना मद अंतर्गत मैनुअल निविदा क्र. 1007 दिनांक 15.07.2025 को आंमत्रित किय गया था उक्त अवधि में आदर्श आचार सहिता प्रभावशील होने के कारण पत्र क्र. 2058 दिनांक 22.01.2025 को निविदा स्थगन किया गया था जिसे बहल करते हुए निम्नानुसार निविदा तिथि संशोधित किया जाता है।

स. क्र.	निविदा कार्यवाही	संशोधित निविदा तिथि
1	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एंव समय	24.03.2025 संध्या 5:00 बजे
2	परीक्षण पश्चत् निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय	24.03.2025 संध्या 5:30 बजे तक
3	कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि एंव समय	03.04.2025 संध्या 3:00 बजे तक
4	निविदा खोलने की तिथि एंव समय	03.04.2025 संध्या 4:00 बजे

निविदा से सम्बंधित विवरण / शर्ते / धरोहर राशि एंव अन्य जानकारी यथावत रहेगी जिसका आवलोकन विभागीय www.cg.uad.gov.in वेबसाइट एंव जिला कार्यालय के NIC वेबसाइट पर देखा जा सकता है

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बड़े बचेली
जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)
बड़े बचेली, दिनांक :- 13/03/2025

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID: rmczone8@gmail.com
प्र.क्र./....19107..../न.पा.नि./जोन क्र.-8 /2025,दिनांक16-03-2025

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 19107 वार्ड का नाम- 19- डॉ. ए.पी.जे.अब्दूल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802N0440A जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती SARLA DEVI MANTRI पिता श्री VIJAY KUMAR MANTRI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती Renu Agrawal पिता/पति श्री S/O SHRI Ashok Kumar Agrawal ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बनामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री आदित्य कुमार हालदार
जोन कमिश्नर
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID: rmczone8@gmail.com
प्र.क्र./....19105..../न.पा.नि./जोन क्र.-8 /2025,दिनांक16-03-2025

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 19105 वार्ड का नाम- 19- डॉ. ए.पी.जे.अब्दूल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802N00440 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती SARLA DEVI MANTRI पिता श्री VIJAY KUMAR MANTRI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती Ashok Kumar Agrawal पिता/पति श्री/श्रीमती Lt. Kanhaiya Lal Agrawal ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बनामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री आदित्य कुमार हालदार
जोन कमिश्नर
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID: rmczone8@gmail.com
प्र.क्र./....19108..../न.पा.नि./जोन क्र.-8 /2025, दिनांक16-03-2025

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 19108 वार्ड का नाम- 19- डॉ. ए.पी.जे.अब्दूल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802A0836B जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती Yamini Baghmar पिता श्री Sunil Baghmar के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती Satyendra Kumar Panday पिता/पति श्री/श्रीमती Heeramani Panday ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बनामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री आदित्य कुमार हालदार
जोन कमिश्नर
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
(जोन क्र - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com
पत्र क्र /....19036..../ न. पा. नि. / जोन क्रं 8/2025, दिनांक 12-03-2025

इश्तिहार

नामतरण प्र.क्र. 19036/ वार्ड का नाम 19 डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR 802A00867 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती JAGESHWARI KOUSHAL पिता / पति श्री/श्रीमती VIJAY KUMAR KAUSHAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Chumman Sahu पिता / पति श्री/श्रीमती Rakesh Sahu ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे 7 निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन (8) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

लू के थपेड़े शुरू, घरों में चलने लगे एसी और कूलर

रायपुर /नवप्रदेश । गर्मी ने होली खत्म होते ही सूरज देवता ने प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। उसके पश्चात आगामी 3 दिनों में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर में दर्ज किया गया। उत्तरी पाकिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ अब उत्तरी पाकिस्तान और उससे सटे जम्मू क्षेत्र में औसत समुद्र तल से 3.1 और 9.6 किमी ऊपर स्थित है। इसके चलते प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। साथ ही मध्य छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर ग्रीष्म लहर

चलने की संभावना है।

तेजी से बढ़ना चालू हो गए तापमान के कारण पिछले तीन दिनों से लोग बेचैन हैं। शाम को हल्की ठंडक रहती है, लेकिन दोपहर और दिन ढलने के बाद कूलर और एसी की जरूरत पड़ने लगी है। मौसम विभाग ने पिछले ही महीने अपने मौसम पूर्वानुमान में चेताया था कि इस साल मार्च से ही गर्मी अपने तेवर दिखाने चालू कर देगी. प्रशांत महासागर में सक्रिय ला नीना इफेक्ट गर्मी को और बढ़ाएगा। इस वजह से मार्च से लेकर अप्रैल और मई तक जोरदार गर्मी पड़ने की संभावना है।

तापमान सामान्य से साढ़े 7 डिग्री ज्यादा

मौसम विभाग के अनुसार ग्रीष्म लहर के लिए अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक होना चाहिए. या अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक होना चाहिए. आंकड़ों के मुताबिक में बिलासपु 40.5 डिग्री सेल्सियस और रायपुर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 5.3 डिग्री ज्यादा है. माना हवाई अड्डे पर आज दिन का अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो आज के दिन के सामान्य तापमान से छह डिग्री ज्यादा था. पेंड्रा रोड के तापमान 39.5 डिग्री था, जो सामान्य से साढ़े 7 डिग्री ज्यादा रहा।

संक्षिप्त खबरें

अनियंत्रित होकर यात्रियों से भरी बस खेतों में उतर गई, हादसा टला

कोरबा/नवप्रदेश। पेंड्रा से कोरबा आ रही यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेतों में उतर गई। अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में अफरातफरी मच गई और बस में चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई। यात्रियों के अनुसार, बस जडगा के पास पहुंची थी, तभी उसका पट्टा अचानक टूट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेतों में चली गई. हालांकि, बस पलटने से बच गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. बस में बड़ी संख्या में महिलाएं और छोटे बच्चे सवार थे. इस दुर्घटना के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और उन्हें कोरबा पहुंचाने के लिए दूसरी बस की व्यवस्था की गई।

कोतवाली थाना परिसर में भीषण आग, जब्त गाड़ियां जलकर खाक

कांकेर/नवप्रदेश । जिले के कोतवाली थाना परिसर में आज सुबह भीषण आग लग गई, जिससे वहां खड़ी जब्त गाड़ियां जलकर खाक हो गई. आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश में जुट गई है। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। हालांकि थाना परिसर में आग कैसे लगी, इसका कारण अभी तक पता नहीं चल सका है. बताया जा रहा है कि आग सबसे पहले जब्त वाहनों में लगी और तेजी से फैल गई. देखते ही देखते कई गाड़ियां इसकी चपेट में आ गईं।

तालाब किनारे लाश मिलने से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

रायगढ़/नवप्रदेश । जिले के लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर शव फेंके जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. युवक का शव मिलने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।यह घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम बनेकेला की है, जहां आज सुबह तालाब किनारे 35 वर्षीय फागुलाल राठिया का शव बरामद हुआ. मृतक फागुलाल राठिया के सिर पर पत्थर से वार किए जाने के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्ट्या यह मामला हत्या का लग रहा है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो सेकगा। फिलहाल, लैलूंगा पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

तेज रफ्तार ट्रक ने मालगाड़ी को मारी टक्कर, डिब्बा पटरी से उतरा

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में स्थित दीपका एसईसीएल साइडिंग पर आज एक बड़ा हादसा हो गया।3 नंबर रेलवे क्रॉसिंग पर जा रही मालगाड़ी को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी.।इस टक्कर के बाद मालगाड़ी के गार्ड ब्रेक का डिब्बा पटरी से उतर गया. घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं हादसे के बाद से रेलवे ट्रैक भी जाम हो गया, जिससे कोयला परिवहन प्रभावित हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोरबा रेलवे प्रबंधन और कोरबा आरपीएफ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं. इसके अलावा रेलवे की आरडी टीम भी मौके पर पहुंची और मालगाड़ी को पटरी पर लाने के लिए मरम्मत में लगे हुए हैं। एसईसीएल का रेलवे ट्रैक ओपन था और किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। ओपन फाटक होने के चलते भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है. इस घटना ने एसईसीएल दीपका प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आरपीएफ में साहब का खास होने के कई फायदे

दुर्ग/नवप्रदेश। साहब के इस खास आरक्षक का जलवा दुर्ग आरपीएफ पोस्ट में इन दिनों खूब चल रहा है। जलवा चले भी क्यों न सभी साहब की सेवा के लिए इस आरक्षक को स्पेशल ड्यूटी जो दी गई है। यही कारण है कि यदि कोई स्टॉफ पोस्ट में किसी अवैध वेंडर को पकड़कर भी लाए तो स्पेशल वाले आरक्षक का जलवा इतना है कि वो बिना कार्रवाई के उन्हें छुड़वा लेते है। आरपीएफ साहब के एक खास की वैसे तो होली की ड्यूटी थी, लेकिन कागजों में ड्यूटी दिखाई गई। ड्यूटी के लिए थाने से नीली बत्ती लगी गाड़ी भी मिली। लेकिन साहब के खास ने नीली बत्ती लगी गाड़ी में घूम-घूम कर खूब होली खेली।

पूर्व सीएम बघेल के बयान पर डिप्टी सीएम साव का पलटवार

- ओबीसी आरक्षण पर सियासत
- सरकार की प्रतिबद्धता ओबीसी को सम्मान मिले, जो कहा वह कर के दिखाया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ओबीसी आरक्षण को लेकर सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डिप्टी सीएम अरुण साव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे ओबीसी आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। जिसपर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि राज्य में अनारक्षित 13 जिला पंचायतों में से 12 के चुनाव संपन्न हुए हैं. इन 12 जिला पंचायतों में 9 ओबीसी अध्यक्ष बने हैं. इसके साथ ही 12 जिला पंचायतों में 8 उपाध्यक्ष भी ओबीसी वर्ग से हैं. डिप्टी सीएम साव ने कहा कि सरकार की प्रतिबद्धता रही की ओबीसी को सम्मान मिले. साय सरकार ने जो कहा वह कर के दिखाया है।

कर्नाटक में धर्म आधारित आरक्षण पर डिप्टी सीएम का बयान

कर्नाटक में धर्म आधारित आरक्षण पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान की कॉपी लेकर पूरे देश में घूम रहे थे, लेकिन संविधान में धर्म के आधार पर भेदभाव स्पष्ट रूप से मना है. देश को तोड़ने का प्रयास हो रहा है, सरकार के इस फैसले की जितनी निंदा की जाए कम है.

दीपक बैज के बयान पर हमला

बस्तर पंडुम पर दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम साव ने कहा कि दीपक बैज के पास बोलने के लिए कुछ बचा नहीं है, अब उनकी चला-चली की बेला है. बस्तर की संस्कृति आगे बढ़े, इसमें उन्हें आपत्ति है क्या ? बस्तर की खानपान और संस्कृति को देश-दुनिया के सामने लाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुस्लिम तुष्टिकरण और देश को विभाजित करना कांग्रेस का इतिहास रहा है. भ्रम, भय और भ्रष्टाचार ही कांग्रेस पार्टी का आधार है।

हाथियों का आतंक : गांव पहुंचा हाथियों का झुंड

- वन विभाग की मदद बिना ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले के धर्मजयगढ़ वन मंडल में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। देर रात प्रतापपुर सर्किल के ग्राम बगड़ा में चार हाथी जंगल से निकलकर गांव में घुस आए और किसानों की मक्का की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया. गांव में अचानक हाथियों के पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन वन विभाग की मदद के बिना ही ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभालते हुए हाथियों को भगाने का प्रयास किया।

धर्मजयगढ़ वन मंडल में लगातार हाथियों की संख्या बढ़ रही है, जिससे आसपास के कई गांवों में डर का माहौल है. किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है.

असामाजिक तत्वों ने 112 वाहन पर बरसाए पत्थर

- हमले में वाहन क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे चालक और पुलिसकर्मी

कोरबा/नवप्रदेश। बीती रात इवेंट पर जा रहे 112 वाहन पर असामाजिक तत्वों ने छुपकर पथराव कर दिया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया. इस हमले में वाहन चालक और पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए. घटना की सूचना मिलते ही बालको पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए पथराव करने वालों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरे और झाड़ियों में छिपे होने के कारण हमलावर भागने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार, बालको चेक पोस्ट लाल घाट में बीती रात इवेंट नंबर केआरबी/11 को सूचना मिली कि कुछ असामाजिक तत्व सड़क पर पत्थर रखकर आने-जाने वालों का रास्ता रोक रहे हैं. सूचना मिलने पर जब 112 की टीम मौके पर पहुंची, तो झाड़ियों में छिपे असामाजिक तत्वों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया. 112 वाहन में केवल ड्राइवर और एक पुलिसकर्मी मौजूद थे, जिन्होंने किसी तरह खुद को बचाया और तुरंत इसकी सूचना बालको थाना पुलिस को दी।

बताया जा रहा है कि जब चालक और पुलिसकर्मी सड़क पर रखे बड़े-बड़े पत्थरों को हटाने लगे, तभी उन पर फिर से पथराव किया गया, जिससे वे बाल-बाल बच गए।

राहगीर रहे परेशान

राहगीरों ने बताया कि घटना रात करीब 12.39 बजे की है. उस समय रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार लोगों पर पहले पत्थर फेंके गए, जिससे वे डरकर भाग गए. इसके बाद असामाजिक तत्वों ने सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर रख दिए, जिससे राहगीर रुकने को मजबूर हो गए और उन पर झाड़ियों से लगातार पथराव होने लगा. इस घटना के चलते रातभर इलाके में दहशत का माहौल बना रहा और लोग काफी परेशान रहे।लोगों ने पुलिस से मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

फाग प्रतियोगिता से लौट रहे तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

गांव में पसरा मातम

बालोद/नवप्रदेश। अर्जुंदा थाना क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तीन दोस्तों की मौत हो गई है. हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को तत्काल अर्जुंदा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तीनों युवक तेलीटोला गांव की ओर से फाग प्रतियोगिता देखकर मोटरसाइकिल (सीजी 07 एजे 8736) से अपने गांव मनकी लौट रहे थे. गांव के पास पहुंचने से पहले उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक (सीजी

07 बीए 4777) से टकरा गई. घटना की सूचना मिलते ही अर्जुंदा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को मर्चुरी भेज दिया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मृतकों का आज पोस्टमार्टम किया जाएगा। मृतकों की पहचान अनिल कुमार साहू (18 वर्ष), पिता खिलेश कुमार साहू, पीयूष साहू (17 वर्ष), पिता दिलीप साहू और विकास ठाकुर (22 वर्ष), पिता सुखित राम ठाकुर है, तीनों युवक ग्राम मनकी के रहने वाले थे. हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com